संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 01 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 118 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस और हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना।

# कांग्रेस मेरी तुलना सांप से कर रही है: मोदी

## कांग्रेस को पता होना चाहिए कि वह भगवान शिव के गले की शोभा है और मेरे लिए जनता ही शिव है: नरेन्द्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/कोलार** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक में पार्टी प्रत्याशियों के लिए लगातार दो दिन से कैंपन कर रहे हैं। पहले दिन यानी शनिवार को उन्होंने बीदर, विजयपुरा और बेलगावी में जनसभाएं कीं। इसके अलावा बेंगलुरु में रोड शो किया था। रविवार को उन्होंने कोलार से कैंपेन की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने रामनगर जिले के चन्नापटना और बेलुर में रैली की। ढट ने कांग्रेस और खऊ के परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर बोला। कांग्रेस और खऊ दिखावे के लिए दो दल हैं, लेकिन दिल से एक हैं। दोनों परिवारवादी हैं और करप्शन को बढ़ावा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सांप वाले बयान पर उन्होंने कहा- वे मेरी तुलना सांप से कर रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए सांप भगवान शिव के गले की शोभा है और मेरे लिए कर्नाटक और देश की जनता भगवान शिव के समान है।

**कांग्रेस और जेडीएस परिवारवादी पार्टियां :** पीएम ने कांग्रेस और जेडीएस को परिवारवादी पार्टी बताते हुए कहा- कर्नाटक कांग्रेस के नेता 24 घंटे दिल्ली में बैठे एक परिवार की परिक्रमा करते हैं। उन्हें हर एक फैसले के लिए दिल्ली वाले परिवार से ग्रीन सिग्नल लेना पड़ता है। वहीं जेडीएस एक ही परिवार की प्राइवेट लिमिटेड पार्टी है। इनका पूरा समय अपने परिवार के लोगों के कल्याण में ही बितता है। इतना ही नहीं कांग्रेस और जेडीएस कर्नाटक में चुनाव अलग-अलग लड़ते हैं, लेकिन दिल्ली में ये साथ-साथ रहते हैं। पार्लियामेंट में एक-दूसरे का साथ देते हैं। ये दोनों पार्टियां करप्शन को बढ़ावा देते हैं। इनकी सरकारें होती हैं तो सिर्फ कुछ विशेष परिवार फलते-फुलते हैं, लेकिन बीजेपी के लिए हर परिवार, इस देश का एक-एक परिवार, कर्नाटक का एक-एक परिवार, भाजपा का अपना परिवार है।

**बीजेपी के सत्ता में आने के बाद भारत उज्जवल हुआ :** पीएम ने रैली में आगे कहा, अस्थिर सरकारों के पास विजन नहीं हो सकता। कांग्रेस के शासन काल में दुनिया को भारत से ना उम्मीद थी, लेकिन जैसे ही बीजेपी सत्ता में आई, दुनिया अब भारत को एक उज्ज्वल स्थान के रूप में देखने लगी। कर्नाटक ने बीजेपी को चुनने का फैसला किया है। राज्य में निरंतर विकास के लिए डबल इंजन की सरकार बहुत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस और जेडीएस शासन के दौरान विकास की गति धीमी हो गई।

**कांग्रेस के पास फर्जी गारंटियों का पुलिंदा, इंजन भी है पुरानाः** पीएम ने कहा, कांग्रेस एक 'पुराना इंजन' है। उनके कारण विकास रुक गया। कांग्रेस के पास फर्जी गारंटियों का पुलिंदा है। जनता से किया कोई भी वादा आप पूरा नहीं करते। 'अधूरी गारंटियां' उनका रिकॉर्ड है।

उन्होंने जनता को धोखा दिया, लेकिन भाजपा ने कई विकास कार्य करके सभी वादों को पूरा किया।

**आपके एक वोट से सबकुछ बदल गयाः** मोदी ने दुनिया में भारत के बढ़ते रुतबे को लेकर कहा, 2014 से पहले कांग्रेस के भ्रष्टाचार काल में दुनिया को भारत से कोई उम्मीद नहीं थी।





### कांग्रेस ने महिलाओं को धोखा दिया: पीएम मोदी

**भाजपा** की योजनाओं को बंद करने पर कांग्रेस के बारे में पीएम बोले, कई योजनाओं को बंद कर दिया। ये है कांग्रेस का असली चेहरा! उनके पास रिवर्स गियर की नीति है। कांग्रेस की वारंटी खत्म हो चुकी है इसलिए उनकी हर गारंटी झूठ होगी। हिमाचल में उन्होंने गारंटी दी कि पहली कैबिनेट बैठक में वे हर महिला को 1500 रुपये देंगे। उन्होंने महिलाओं को धोखा दिया, और महिलाएं अभी भी पैसे का इंतजार कर रही हैं।

### प्रधानमंत्री का वचन प्रेरणादायी, 'मन की बात' से जन-जन जुड़ा : पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वचन समाज को प्रेरणा देने वाला होता है। उन्होंने आज तमाम भारतीयों के जीवन को बदलने का काम किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी समाज के अंतिम छोर पर काम कर रहे व्यक्ति का समाज के लिए किए जा अथक प्रयासों का जिक्र करते हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायी है। उत्तराखंड में भी प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। स्कूल, कॉलेज आदि में भारी संख्या में छात्रों के साथ आम लोगों ने प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। रविवार को डीएसए मैदान, मल्लीताल,नैनीताल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां संस्करण सुना।



### '100वें एपीसोड को सुनने से जुड़े विशेष पल 'नमो एप' के माध्यम से साझा करें'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 100वें एपीसोड को सुनने वालों से इससे जुड़े विशेष पल नमो ऐप के माध्यम से साझा करने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री ने मन की बात के 100वें एपीसोड के प्रसारण के बाद एक ट्वीट में कहा, मैं भारत और दुनिया भर के लोगों को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मन की बात के 100वें एपीसोड को सुना। वास्तव में मैं इस उत्साह से गद-गद हूं। मैं उन सभी से आग्रह करता हूं जिन्होंने कार्यक्रम को सुना है कि वे उन विशेष पलों की तस्वीरें साझा करें। आप नमो ऐप पर या इस लिंक के माध्यम से ऐसा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 100वां संस्करण एक ऐतिहासिक कार्यक्रम बन गया। इसे न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी समारोह आयोजित कर सुना गया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने न्यू जर्सी में मन की बात सुनने के लिए जुड़े लोगों को इस कार्यक्रम का महत्व बताया तो प्रधानमंत्री कार्यालय में मंत्री जितेन्द्र सिंह लंदन के इंडिया हाउस में विशिष्ट लोगों के साथ मन की बात सुनने के लिए पहुंचे थे।

## मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कर्नाटक में सुनी 'मन की बात'



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को चुनावी राज्य कर्नाटक में सुना। मुख्यमंत्री योगी कर्नाटक के कई जिलों में चुनावी रैलियों को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कोप्पल जिले की गंगावती विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा से पहले 'मन की बात' के प्रसारण को सुना। देश और समाज को एकात्मता के सूत्र में पिरोने वाला यह कार्यक्रम जिस विषय से जुड़ा, वह जन-आंदोलन बन गया। वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भी मन की बात कार्यक्रम के सौवें एपिसोड को सुना।

## गर्लफ्रेंड को कॉकपिट में बिठाने पर एअर इंडिया को नोटिस



**नई दिल्लीः** दुबई से दिल्ली आ रही एअर-इंडिया की एक फ्लाइट में 21 अप्रैल को पायलट ने अपनी गर्लफ्रेंड को कॉकपिट में बिठाया था। अब इस मामले में डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने एअर इंडिया के उएड कैंपबेल विल्सन को कारण बताओ नोटिस भेजा है। वहीं, डीजीसीए ने जांच में देरी करने और संबंधित अथॉरिटी को जानकारी न देने के लिए चीफ ऑफ फ्लाइट सेफ्टी हेनरी डोनोहो को भी नोटिस जारी किया है। डीजीसीए के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी अठकको बताया कि इस मामले में 21 अप्रैल को नोटिस जारी किए गए थे। दोनों को अपना जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। उन्हें 5 मई तक नोटिस का जवाब देना होगा। वहीं, मामले की जांच पूरी होने तक क्रू मेंबर्स की ड्यूटी न लगाने का निर्देश दिया था।

## 'पीएम के मन की बात ने देश में लोगों को जगाने का काम किया'




**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के 100वें एपिसोड का विशेष आयोजन किया। साथ ही मन की बात के सभी 100 एपिसोड का संकलन जारी किया।बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद, मंगल पांडेय, नितिन नवीन ने संकलन का लोकार्पण किया। बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने एक साथ मन की बात को सुना। रविशंकर प्रसाद ने प्रधानमंत्री के मन की बात की विशेषता बताते हुए कहा कि पीएम मोदी नौ साल से मन की बात कर रहे हैं। इसने देश के लोगों को जगाने का काम किया है। इसमें आज तक एक भी राजनीति की कोई बात नहीं हुई है। किसी की आलोचना नहीं की है।

## भिवंडी: हादसे में मरने वालों की संख्या 6 हुई

**टीम एक्शन इंडिया/ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में गोदाम ढहने से मरने वालों की संख्या 6 हो गई है। एक व्यक्ति को मलबे से 20 घंटे बाद निकाल लिया गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब तक 10 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। गोदाम के मालिक को हिरासत में ले लिया गया है। राहत और बचाव कार्य दूसरे दिन भी चल रहा है। एनडीआरएफ के कमांडर दीपक तिवारी ने बताया कि एक बच्ची को हमारे डॉग स्क्वायड ने रेस्क्यू किया। डॉग बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। ये तलाशी लेने में माहिर हैं। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख अविनाश सावंत ने कहा कि मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने कहा, वर्धमान कंपाउंड में ग्राउंड प्लस दो मंजिला इमारत दोपहर करीब 1.45 बजे ढह गई। चार परिवार ऊपरी मंजिल पर रहते थे, जबकि मजदूर भूतल पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भिवंडी, ठाणे और अन्य आसपास के इलाकों से दमकल गाड़ियों को खोज और बचाव अभियान के लिए तैनात किया गया है।



## असम में स्कूली छात्राओं को दिए जा रहे मेंस्ट्रुअल काड्स



**टीम एक्शन इंडिया/डिसपुर** असम में स्कूल जाने वाली लड़कियों को मेंस्ट्रुअल कार्ड्स बांटे जा रहे हैं। इनकी मदद से लड़कियां अपनी पीरियड साइकिल को ट्रैक कर सकेंगी। साथ ही पीरियड्स में किसी तरह की अनियमितता या प्रेग्नेंसी का भी पता चल सकेगा। फरवरी में असम पुलिस ने बाल विवाह रोकने के लिए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया था। प्रदेश में कई जगहों पर छापे मारकर नाबालिग लड़कियों से शादी करने वाले लड़कों को गिरफ्तार किया गया था और उनके परिवार पर भी एक्शन लिया गया था। इसी कड़ी में ये कार्ड्स लड़कियों को बांटे जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 31 जिलों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली 1 करोड़ लड़कियों को बांटे हैं।

## पीएम ने 'मन की बात' से रेडियो को दिया नया जीवंत रूप



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।** उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को पहाड़ से मैदान तक सुना गया। स्कूली छात्रों और आम जनता में भी 'मन की बात' सुनने को लेकर उत्साह नजर आया। राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां संस्करण एक ऐतिहासिक क्षण है, जिसके हम सभी आज साक्षी बने हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री का वचन समाज को प्रेरणा देने वाला होता है।

राजभवन के साथ प्रदेशभर के स्कूलों में प्रसारण की विशेष व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री नैनीताल में तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देश के प्रथम गांव माणा में प्रधानमंत्री की 'मन की बात' को सुना। इसके साथ ही भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ मंत्री गण भी अपने अपने क्षेत्र के लोगों के साथ 'मन की बात' के प्रसारण सुना। इस मौके पर अपने-अपने क्षेत्रों के विशेष गण्यमान्य लोगों को भी 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसके अलावा उत्तराखंड में प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। स्कूल,कॉलेज के छात्रों के सहित साथ आम लोगों और चारधाम यात्रा में आए श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा बंशीधर तिवारी ने पहले की सभी स्कूलों को रविवार को प्रधानमंत्री की 'मन की बात' सुनने को लेकर खोलने के आदेश जारी किये गये थे।

## लुधियाना में गैस लीक से 11 लोगों की मौत, चार की हालत गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।** पंजाब के लुधियाना में रविवार सुबह हुए गैस लीक से अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। जिला प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है। मरने वालों में पांच लोग एक ही परिवार के हैं। कई अन्य लोग बेहोश हो गए। 15 लोगों को शहर के विभिन्न अस्पतालों में दाखिल करवाया गया है, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। हालांकि यह हादसा किन कारणों से हुआ, यह अभी पता नहीं चल सका है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जिला प्रशासन से मामले की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तलब की है। लुधियाना की जिला उपायुक्त सुरभि मलिक ने बताया कि अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में पांच व्यक्ति एक ही परिवार के हैं। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा 15 लोगों को शहर के विभिन्न अस्पतालों में दाखिल करवाया गया है, जिनमें चार की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी मृतकों के पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन कर दिया गया है। लोगों को निर्देश दिए गए हैं कि वह गैस का दबाव कम होने तक प्रभावित क्षेत्र में न जाएं। लुधियान के ग्यासपुरा इलाके में रविवार सुबह गैस लीक होने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग जगह-जगह बेहोश होकर गिरने लगे तो कई नींद में सोए रह गए। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। पूरे क्षेत्र को खाली करवा लिया गया है। लुधियाना के पुलिस आयुक्त मनदीप सिंह सिद्धू ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने समूचा क्षेत्र खाली करवा लिया है।



### लुधियाना गैस लीक हादसे में मरने वालों में बिहार के पांच लोग, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**पटना।** पंजाब के लुधियाना में जहरीली गैस से मरने वालों में पांच लोग बिहार के हैं। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लुधियाना के ग्यासपुरा जहरीली गैस से लोगों के मरने की घटना पर दुखद जताया। मुख्यमंत्री ने मृतकों में बिहार के लोगों के परिवार को मुआवजा देने की घोषणा के साथ ही पंजाब से उनके शव लाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को लुधियाना में बिहार के गया जिले के रहने वाले एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने लुधियाना के जहरीली गैस लीक घटना में बिहार के मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये अनुदान देने की घोषणा की है। पंजाब सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके घर तक लाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## देश के 20 राज्यों में तेज हवा के साथ बारिश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्लीः** देश के 20 राज्यों में रविवार को तेज हवा के साथ बारिश हुई। कहीं-कहीं ओले भी गिरे। मध्य प्रदेश, राजस्थान बिहार के कई भागों में तेज हवाएं चलीं और बारिश हुई। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन तक उत्तर और दक्षिण भारत के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। उत्तराखंड सहित पहाड़ी राज्यों में 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान और 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली ठउफमें रविवार को पहले जमकर आंधी आई। फिर कई इलाकों में बारिश भी हुई।



नोएडा में भी तेज बारिश देखने को मिली। पिछले 24 घंटों के दौरान,मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और राजस्थान, हरियाणा, बिहार, दिल्ली, झारखंड, ओडिशा के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई।

पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों, पंजाब, उत्तराखंड और गुजरात में मध्यम बारिश हुई।

**अगले 24 घंटों के दौरान मौसम की संभावनाः** अगले 24 घंटों के दौरान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल, पंजाब,हरियाणा और केरल में हल्की से मध्यम बारिश संभव है।

**मन की बात...** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनने पहुंचे

## 'मन की बात' जैसे एक राष्ट्रीय उत्सव बन गया: जितेन्द्र सिंह राज्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम जैसे के मासिक उत्सव बन गया है। इसका 100 वां संस्करण तो जैसे भारतीयता का उत्सव बन गया। केन्द्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी ने मन की बात के 100वें एपीसोड के लिए एक योजना बनाकर व्यापक तैयारी की थी। इसी के चलते जो भी केन्द्रीय मंत्री जहां भी था वहीं एक समारोह आयोजित कर लोगों की बीच बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने के लिए पहुंचा। यहां तक कि विदेशों में भी समारोह आयोजित किए गए। विदेशों में अधिकांश स्थानों पर भारतीय दूतावासों में तो कहीं-कहीं विशाल सभागारों में भारतीय समुदाय के बीच जाकर भारतीय राजदूतों ने मन की बात सुनी। न्यूजर्सी में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मन की बात समारोह सुनने के लिए जुटे लोगों को बाद में संबोधित भी किया और बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस एक साधारण से माने जाने वाले प्रयास ने लोगों की मानसिकता और समाज में कितना बड़ा परिवर्तन कर दिया है।



प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह लंदन के इंडिया हाउस में लोगों के बीच बैठकर मन की बात सुनते दिखे। वहीं गृहमंत्री अमित शाह मुंबई में एक भव्य समारोह में सम्मिलित हुए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के साथ हजारों लोग उनके साथ मन की बात सुनते दिखे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यकताओं के साथ मन की बात सुनने पहुंचे तो राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर्नाटक में बड़ी-बड़ी सभाओं के बीच प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने पहुंचे। सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण को सुनने के लिए आयोजित समारोहों में शामिल हुए। जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें नहीं हैं वहा भारतीय जनता पार्टी ने भव्य आयोजन किए, जिसमें हजारों लोग एकत्रित आए। दिल्ली में जो केन्द्रीय मंत्री थे वे दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागी हुए। मन की बात का प्रसारण समाप्त होने के बाद अधिकांश आयोजन स्थलों पर मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारे भी गूंजे।

# पंजाब सरकार मृतकों के परिवारों को देगी दो लाख रुपये

## पुलिस ने इलाके में ड्रोन सर्वे कराने के साथ शुरू की घटना की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने लुधियाना गैस रिसाव की घटना में मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये तथा उपचाराधीन लोगों के परिजनों को पचास-पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। इस बीच पुलिस ने ड्रोन सर्वे कराने के साथ घटना की जांच शुरू कर दी है। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर बलवीर सिंह ने घटनास्थल का दौरा करके हालात का जायजा भी लिया। लुधियाना में रविवार की सुबह गैस रिसाव की घटना में 11 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में पांच महिलाएं, चार पुरुष तथा दो बच्चे शामिल हैं। हादसे का शिकार हुए सभी लोग मूल रूप से उत्तर प्रदेश व बिहार के रहने वाले थे, लेकिन अब लंबे समय से लुधियाना में ही बसे हुए थे। डाक्टरों के एक मेडिकल बोर्ड ने शवों का पोस्टमार्टम किया है। प्रारंभिक रिपोर्ट में पता चला है कि गैस रिसाव से लोगों का अचानक ब्रेन डैड हुआ और उनकी मौत हो गई।
लुधियाना के ग्यासपुरा इलाके में रविवार की सुबह करीब सवा सात बजे मिल्क बूथ के बाहर लोग रोज की तरह दूध लेने के लिए एकत्र हुए। इसी दौरान एक गटर से धुआं उठने लगा और वहां मौजूद लोग बेहोश होकर गिरने शुरू हो गए, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही पलों में गैस हवा में मिल गई और पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड तथा एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची। पूरे क्षेत्र को



खाली करवा कर लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। जिला उपायुक्त सुरभि मलिक ने बताया कि अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में पांच व्यक्ति एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा 15 लोगों को शहर के विभिन्न अस्पतालों में दाखिल करवाया गया है, जिनमें चार की हालत गंभीर बनी हुई है। जिला प्रशासन की सूची के मुताबिक मृतकों में सौरव गोयल (35), उनकी पत्नी प्रीति (31) व मां कमलेश गोयल (60) और डॉ. कविलाश (40), उनकी पत्नी वर्षा (35), बेटी कल्पना (16) व दो बेटे अभय नारायण (13) और आर्यन नारायण (10) शामिल है। तीन अन्य मृतकों में नवनीत कुमार (39) व नीतू देवी (39) के अलावा एक और पुरुष है, जिसकी पहचान नहीं हो पाई। इसके अलावा गौरव गोयल (50) और नीतिन (40) का इलाज सिविल अस्पताल और राजेश कुमार (28) व रुबी देवी (29) का इलाज ओसवाल अस्पताल में चल रहा है। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर बलवीर सिंह ने घटनास्थल का दौरा करके हालात का जायजा भी लिया।

**दो परिवारों पर पहाड़ बनकर टूटा गैस रिसाव हादसा:** गैस लीक होने से मरने वालों में दो परिवारों के लोग शामिल हैं। जिस घर के आगे यह हादसा हुआ उस घर में एक डाक्टर का परिवार रहता था। हादसे के समय यह परिवार नींद में था। उन्हें नहीं मालूम था कि वह आज की सुबह नहीं देख पाएंगे। जिस गटर से गैस लीक हुई है, वह ग्यासपुरा में डाक्टर के घर के आगे था। हादसे के समय अचानक से अफरा-तफरी मचने पर लोग खुद के बचाव में यहां-वहां भागने लगे। किसी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया कि जिस घर के बाहर बने गटर से गैस लीक हुई है, वहां रह रहे लोगों को भी बचा लिया जाए। करीब दो घंटे बाद जब पुलिस व एनडीआरएफ की टीमें वहां पहुंची, तब पता चला कि गैस रिसाव से पूरा परिवार खत्म हो गया है।

**ड्रोन की मदद से सर्च अभियान:** लुधियाना के पुलिस आयुक्त मनदीप सिंह सिद्धू के अनुसार पूरे क्षेत्र को खाली करवाया जा चुका है। ड्रोन की मदद से आसपास के इलाकों में सर्च अभियान चलाया गया है। सिद्धू ने बताया कि पुलिस अलग-अलग पहलुओं को आधार बनाकर जांच कर रही है। जिस जगह गैस रिसाव से लोगों की मौत हुई, उसके पास से सीवर लाइन गुजर रही है।
ऐसे में आशंका है कि गैस यहीं से लीक हुई। यह भी आशंका है कि सीवर लाइन में केमिकल रिएक्शन हुआ हो। हो सकता है कि किसी ने जहरीला केमिकल फेंका हो। इसके रिएक्शन के चलते ऐसी जहरीली गैस बनी, जिसने लोगों की जान ले ली। इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि किसी ने इंडस्ट्रियल वेस्ट को मिटाने के लिए केमिकल को सीवर में डाला हो जिसके बाद गैस रिसाव हुआ हो।

# महर्षि दयानंद की जयंती पर आर्य प्रतिनिधि सभा करेगी कार्यक्रम

## महर्षि दयानंद सरस्वती के कार्यों एवं शिक्षाओं को प्रदेश भर में जन-जन तक पहुंचाना है: आर्य




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत।** हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा की प्रदेश स्तरीय बैठक आर्य बाल भारती स्कूल के सभागार में रविवार को हुई। जिसमें सभा के प्रदेश भर के अंतरंग एवं कॉलेजियम सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान राधाकृष्ण आर्य ने की। बैठक में गुजरात के राज्यपाल के कार्यकारी अधिकारी डॉ राजेंद्र विद्यालंकार ने अगले दो वर्षों तक हरियाणा में होने वाले स्वामी दयानंद सरस्वती जन्म जयंती कार्यक्रमों को लेकर जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती के कार्यों एवं शिक्षाओं को प्रदेशभर में जन-जन तक पहुंचाना है। सभा द्वारा प्रदेश भर में अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्राकृतिक खेती, महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं का प्रचार एवं प्रसार सहित अन्य विषयों पर सभी कार्यक्रम केंद्रित होंगे। आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान राधाकृष्ण आर्य ने कहा कि सभा महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जन्म जयंती पर पहले भी अनेकों कार्यक्रम करवा चुकी है और भविष्य में भी कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा। बैठक में स्वामी धर्मदेव, स्वामी ऋषि पाल, उमेद सिंह आर्य, आर्य रणदीप कादियान, राजेंद्र जागलान, रामपाल आर्य, विशाल आर्य, वीरेंद्र, सत्यवान आर्य, नवीन आर्य, रमेश आर्य, राहुल आर्य व सुमित्रा आर्य ने भी अपने विचार रखे।

# सांसद ने गोहाना रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

## मन की बात कार्यक्रम से प्रधानमंत्री ने देश को विकास की नई राह दिशाने का किया कार्य: सांसद

8 देश के हर नागरिक को पूर्ण निष्ठा के साथ सुननी चाहिए प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात



**टीम एक्शन इंडिया/ गोहाना(सोनीपत)।** सांसद रमेश कौशिक ने रविवार को गोहाना स्थित सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस में कार्यक्रताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वे एपिसोड को सुना। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से देश और अधिक समृद्ध हुआ है। इससे हर वर्ग के लोगों का मनोबल बढ़ा है। मन की बात कार्यक्रम से प्रधानमंत्री ने देश को विकास की नई राह दिखाने का कार्य किया है। सांसद ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से ज्वलंत समस्याओं का पूर्ण समाधान मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में देश-दुनिया की समस्याओं व उल्लेखनीय घटनाओं की चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से हर व्यक्ति को कुछ जानने-समझने को मिलता है। इसलिए देश के हर नागरिक को पूर्ण निष्ठा के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनना चाहिए। सांसद कौशिक ने कहा कि रेडियो पर ।मन की बात कार्यक्रम से प्रधानमंत्री ने देश को उन्नति के पथ पर अग्रसर किया है। पीएम ने इस दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान को सफल बनाने के लिए हरियाणा सरकार व हरियाणावासियों की प्रशांसा करते हुए कहा कि हरियाणा के लिए यह बहुत बड़ी चिंता का विषय था कि वहां पर लडको की तुलना में लड़कियों की संख्या देश में सबसे कम थी।
उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार व हरियाणा के लोगों ने इस चुनौती को स्वीकार किया और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान पर दिन रात कार्य किया। भ्रूण हत्या करने व कराने वालों पर शिकंजा कसा गया, जिसका परिणाम आज यह रहा है कि हरियाणा ने इस दिशा में वो करके दिखाया, जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था।

# बलीकुतुबपुर में बूथों पर पीएम के मन की बात कार्यक्रम का सुना



**गन्नौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें ऐपिसोड को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने बली कुतुबपुर के बूथों पर कार्यकताओं के साथ सुना। कार्यक्रम के बाद लोगों ने पीएम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उनके साथ शक्ति केन्द्र प्रमुख सुखदेव शर्मा, जगबीर नेहरा, रघबीर जागंडा, जयनरायण पांचाल, एडवोकेट निरंजन नेहरा, प.राजेश, कर्मवीर, नरेंद्र कुमार, लहणा सिंह कश्यप, सुरेन्द्र कुमार, महताब आदि मौजूद थे।

# हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की नई कार्यकारिणी गठित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत।** हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन विनोद धमीजा ने चैंबर की कार्यकारिणी का गठन किया है। विनोद धमीजा ने बताया कि रामप्रताप गुप्ता को वाइस चेयरमैन, राजीव अग्रवाल को सचिव, विवेक गर्ग को सह सचिव व अतुल गुप्ता को कैशियर बनाया गया है। विनोद धमीजा ने बताया कि नवनियुक्त कार्यकारिणी को साथ लेकर पानीपत के उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। बैठक में पहुंचने पर वरिष्ठ भाजपा नेता नीतिसेन भाटिया का



शॉल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, विधायक महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा, सांसद पुत्र चांद भाटिया, उद्योगपति प्रीतम सिंह सचदेवा, श्री भगवान अग्रवाल, ललित गोयल, पूर्व चेयरमैन विनोद खंडेलवाल, मोहन लाल गर्ग, राकेश भाटिया, पंकज कपूर, सुनील तुली, राजेंद्र खुराना, किशन गुलाटी, रंजीत भाटिया, सुदर्शन चुघ व नरेंद्र भटिया आदि उद्योगपति मौजूद रहे।

# सोनीपत में कहासुनी के बाद हुए झगड़े में बुजुर्ग की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** लाल दरवाजा क्षेत्र में देर रात दो पक्षों में हुए झगड़े में बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। हमले में बुजुर्ग का बेटा गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजन का बयान लेकर उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिलहाल जांच कर रही है। बुजुर्ग गौशाला के सामने हरा चारा बेचने की दुकान चलाते थे। लाल दरवाजा निवासी दयानंद (62) के बेटे मुकेश की बाइक से बैटरी चोरी हो गई थी। मुकेश ने पड़ोसियों पर बैटरी चोरी का शक जताया था। इसके चलते शनिवार रात को उनका परिवार पड़ोसियों के घर इसे लेकर जानकारी लेने गए थे।

# राई: विधायक ने भजन संध्या में महाराज से लिया आशीर्वाद



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के सौजन्य से गांव जाटी कलां स्तिथ सद्गगुरु धाम आश्रम में मनोहारी भजन संगीत संध्या का आयोजन किया गया। विधायक मोहनलाल बडौली ने सद्गुरु स्वामी कृष्णानंद महाराज के चरणों में शीश झुकाते हुए उनका आशीर्वाद लिया। विधायक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हमारे षि-मुनियों व महापुरुषों ने हमेशा समाज में फैली बुराइयों का अंत करने में अपना योगदान दिया है। उन्होंने अपने उपदेशों में मनुष्य को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। उनके उपदेशों से हमें अच्छा जीवन जीने की प्रेरणा व ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए और गरीब लोगों की हर प्रकार से मदद करनी चाहिए क्योंकि जो लोग अच्छे कर्म करता है वही जीवन में सुखी रहता है। विधायक ने कहा कि हम महापुरुषों के प्रवचनों से प्रेरित होकर अपने जीवन में फैली बुराइयों का भी अंत कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने ही कर्मों की खेती ही काटते हैं। मनुष्य के सुख दुख का कारण उसके अपने कर्म होते हैं।

# लाखों रुपये कीमत का पशुधन चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत बहालगढ़** थाना क्षेत्र के गांव दीपालपुर में लाखों रुपये कीमत के पशु चोरी हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। गांव दीपालपुर निवासी प्रताप सिंह ने बताया कि हर रोज की तरह रात 9.30 बजे घेर में पशुओं को चारा व पानी पिलाकर घर पर आ गया।

# स्कॉलशिप परीक्षा पास करने वाले मेधावियों को एकेडमी में मिला सम्मान

## व्यक्ति के शिक्षित होने पर ही समाज व देश की तरक्की संभव: कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** रेलवे रोड पर स्थित देवा एकेडमी में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने स्कॉलशिप परीक्षा में अच्छे अंक लेने वाले विद्यार्थियों के अलावा एकेडमी पर पढ़कर सरकारी नौकरी हासिल करने वाले आशुतोष, राकेश को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया



और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एकेडमी के निदेशक रोहित कुमार ने मंच का संचालन करने के साथ ही बताया कि स्कॉलशिप परीक्षा में 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। यहां पर बीपीएल परिवार की लड़कियों को निशुल्क कोचिंग दी जाती है। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने कहा कि समाज व देश की तरक्की तभी संभव है जब हर व्यक्ति शिक्षित होगा। क्षेत्र में देवा एकडेमी होने पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों को अपना भविष्य संवारने का मौका मिल रहा है। उनकी अभिभावकों से अपील है कि वे अपने बच्चों को शिक्षा का अधिकार अवश्य दें। कहा कि आज के समय में बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं रही है। पढ़ाई के क्षेत्र से लेकर खेल के मैदान तक बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मौके पर शिक्षक कुनाल, रमन, निधिन, कविता समेत अन्य अभिभावकगण मौजूद रहे।

# बाबा साहेब ने पूरा जीवन गरीबों के लिए किया कार्य: बड़ौली

## गांव कुमासपुर में डा. बीआर अंबेडकर के 132वें जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधायक ने किया संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** राई विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आज रेडियो पर प्रसारित होने वाले मन की बात के कार्यक्रम के जरिए देश के प्रत्येक व्यक्ति तक सीधी पहुंच है। इसी पहुंच के कारण देश के विकास के लिए अनेकों योजनाएं तैयार की गई और प्रत्येक जन को इन योजनाओं का फायदा मिल रहा है। श्री बड़ौली रविवार को गांव कुमासपुर में आयोजित डॉ0 बीआर अंबेडकर के 132वें जन्मोत्सव कार्यक्रम में कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात के



100वें एपिसोड को सुनने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आज देश व प्रदेश पूरी तरह से तरक्की की राह पर है। विधायक ने कहा कि नई पीढ़ी को बाबा साहब के शिक्षित बनो, संगठित रहो और आगे बढ़ो के सिद्धांत पर ही चलना चाहिए। डा. अंबेडकर ने समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों को दूर करने तथा जात-पात के भेद को मिटाने में प्रमुख भूमिका अदा कर राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दिया। विधायक बड़ौली ने कहा कि डा. अंबेडकर ने देश को प्रजातंत्र दिया है और प्रजातंत्र को संविधान बनाकर नई दिशा देने का काम किया है।

# कुंडली: संदिग्ध हालत में मैनेजर लापता

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में घर से फैक्टरी में डयूटी के लिए निकला मैनेजर संदिग्ध हालत में लापता हो गया। मैनेजर की पत्नी ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव रेवाड़ा बिहार हाल में मैक्स हाइट ड्रीम होम निवासी स्वीटी कुमारी ने बताया कि उसका पति चंदन कुमार कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्टरी में बतौर मैनेजर के पद पर तैनात है। शनिवार दोपहर दो बजे फोन पर उनसे बात हुई। देर शाम तक घर पर नहीं लौटे। अपने स्तर पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने सुनीं पीएम मोदी के मन की बात

**टीम एक्शन इंडिया/राई** हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने अपने आवास पर हलके के लोगों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वां कार्यक्रम बड़ी एलईडी टीवी लगाकर सुना। कार्यक्रम में आए हलके के लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को देखकर पूर्व मंत्री ने कार्यकताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली की जितनी सराहना की जाए उतनी ही कम है। उन्होंने कहा कि अगर कोरोना काल के दौरान हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना काल के दौरान देश की



जनता की अपने परिवार की तरह सुरक्षा की। पूर्व मंत्री व कार्यकताओं ने ईश्वर से पीएम के लिए लंबी आयु की कामना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वस्थ रहकर हम सबके बीच लगातार देश की सेवा करते रहें। पूर्व मंत्री गहलावत ने कहा कि मन की बात के 100 वें ऐपिसोड में पीएम ने देशवासियों को सेवा व सार्मथ्य की प्रेरणा दी है। मन की बात से देश के हर व्यक्ति में सेवा भावना और कर्तव्य भावना के प्रति जोश जगा है।

# स्कूलों में उत्सव की तरह हुआ मेगा पीटीएम का आयोजन

## पहली बार दिल्ली सरकार और एमसीडी के स्कूलों में एक साथ हुआ मेगा पीटीएम का आयोजन, रविवार का दिन होने से पीटीएम में बड़ी संख्या में पहुंचे पेरेंट्स

**तीरथ राज/ नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार व एमसीडी के सभी स्कूलों में रविवार को उत्सव के रूप में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। स्कूलों में आयोजित मेगा पीटीएम में अभिभावक जबरदस्त उत्साह के साथ शामिल हुए। रविवार का दिन होने के कारण पीटीएम में माता के साथ-साथ बड़ी संख्या में पिता भी शामिल हुए। शिक्षामंत्री आतिशी व डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने सर्वोदय कन्या विद्यालय मयूर विहार फेज-1 व त्रिलोकपुरी 22 ब्लाक के एमसीडी स्कूल में शामिल होकर अभिभावक व बच्चों के साथ बातचीत की। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज दिल्ली सरकार और एमसीडी के सभी स्कूलों में मेगा पीटीएम एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है और मुझे इस बात की खुशी है कि मेगा पीटीएम में अभिभवावक बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। शिक्षकों से बच्चो के लर्निंग, उनके प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेगा पीटीएम अभिभावकों और शिक्षकों को एक साथ लाता है और उन्हें बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर रणनीति बनाने में मदद करता है। इस मौके पर ट्वीट करते हुए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि, दिल्ली में आज एमसीडी और दिल्ली सरकार के स्कूलों में एक साथ मेगा पीटीएम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लिखा कि जिस तरह दिल्ली सरकार के स्कूलों को सभी बच्चों, टीचर्स और अभिभावकों के साथ मिलकर बदला है, ऐसे ही अब एमसीडी के स्कूलों को भी मिलकर बदलेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में हमने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाई और इसका नतीजा है कि आज दिल्ली सरकार के सभी स्कूल शानदार बन गये है, और यहां हर तबके के बच्चों को वर्ल्ड-क्लास एजुकेशन दी जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है कि हर बच्चे को शानदार शिक्षा मिलनी चाहिए क्योंकि बच्चे केवल किसी परिवार का भविष्य मात्र नहीं होते बल्कि देश का भविष्य भी है।





### एमसीडी स्कूलों को दिल्ली सरकार के स्कूलों की तरह बनायेंगे शानदार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रिलोकपूरी** स्थित एमसीडी स्कूल में पेरेंट्स से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी का एक ही सपना है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देना हमेशा देश की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि जब तक हमारे देश के बच्चे शिक्षित नहीं होंगे तब तक हमारा देश तरक्की नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित समाज ही भारत को विकसित बनाने व दुनिया का नंबर 1 देश बनाने में अहम योगदान निभा सकता है इसलिए जिस तरह अरविंद केजरीवाल जी ने दिल्ली सरकार के स्कूलों को बेहतर बनाया है वैसे ही हम एमसीडी के स्कूलों को भी शानदार बनाकर उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओ से लैस करेंगे और हर बच्चे को क्वालिटी एजुकेशन देंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह की शिक्षा क्रांति की शुरूआत दिल्ली सरकार के स्कूलों में हुई थी उसी तरह अब एमसीडी के स्कूलों में शिक्षा क्रांति आएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 2015 से पहले हमने देखा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए बैठने के लिए डेस्क नहीं होते थे, खिड़कियां टूटी होती थी, पीने के लिए पानी नहीं था और पूरे स्कूल का हाल बदहाल होता था लेकिन अरविन्द केजरीवाल जी की सरकार बनने के बाद दिल्ली सरकार के स्कूलों का कायाकल्प किया गया और अब वे किसी प्राइवेट स्कूलों से भी शानदार है।

# श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज में गतका प्रतियोगिता आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज, देव नगर में जोहर- ए-तेज कार्यक्रम में आयोजित अंतर कॉलेज गतका प्रतियोगिता में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने ओवरऑल चैंपियनशिप जीती। दूसरे नंबर पर माता सुंदरी कॉलेज और तीसरे नंबर पर श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स रहा। इस अवसर पर 'शास्त्र से शस्त्र' विद्या पर एक दिवसीय सेमिनार का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट द्वारा किया गया इसके अंतर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के लगभग 90 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह और विभाग के कन्वीनर डॉ. राजवंत सिंह ने किया। सेमिनार में इतिहास के प्रसिद्ध चिंतक व विद्वान डॉक्टर सुखप्रीत सिंह उढके मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य गुरु गोविंद सिंह द्वारा दूसरों की आत्मरक्षा के लिए आरंभ किए गए मार्शल आर्ट गतका को आगे बढ़ाना रहा। इस प्रतियोगिता में लड़के लड़कियों दोनों ने ही बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी दी गई।

# एनडीएमसी के हजारों फील्ड स्टाफ ने 'मन की बात' के 100वें एपिसोड को सुना

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली।**
नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने नई दिल्ली जिले गोल मार्केट स्थित एनपी बंगाली गर्ल्स स्कूल के लॉन में रविवार को प्रधानमंत्री द्वारा ह्यमन की बातह्न की 100वीं कड़ी का लाइव प्रदर्शन सुना। इस अवसर पर संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन, उपाध्यक्ष अंजना पंवार, सदस्य - डॉ. पीपी वावा, एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव, एनडीएमसी सदस्य कुलजीत चहल, विशाखा शैलानी, एनडीएमसी के सचिव, डॉ. अंकिता चक्रवर्ती सहित एनडीएमसी के



विभिन्न विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एनडीएमसी के सफाई सेवक, माली, बेलदार और अन्य कर्मचारियों जैसे तीन हजार कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्न सुनने के लिए कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री हर महीने के आखिरी रविवार को सुबह 11 बजे ऑल इंडिया रेडियो पर इस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्र को संबोधित करते हैं, जो 03 अक्टूबर, 2014 से शुरू हुआ था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री की आवाज में विचारों को भारत की आम जनता तक पहुंचाना है।

# दिल्ली-एनसीआर में हुई झमाझम बारिश

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
दिल्ली एनसीआर में शनिवार रात से शुरू हुआ बारिश का दौर रविवार को भी जारी रहा। रविवार सुबह से ही बादलों की लुकाछिपी जारी रही। दोपहर बाद से मौसम का मिजाज बदला और बारिश शुरू हो गई। बीते सप्ताह तक दिल्ली-एनसीआर में गर्मी लोगों को परेशान करने लगी थी। लेकिन अब पांच मई तक बारिश व तेज हवा का अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं हिमाचल और उत्तराखंड में तो बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। कल देर रात भी दिल्ली-एनसीआर में बारिश हुई, जिससे मौसम में ठंडक बढ़ गई। मौसम विभाग के मुताबिक, एक मई से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है।

# पहलवानों का आठवें दिन भी जारी रहा प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली।**
नई दिल्ली जिला स्थित जंतर-मंतर पर पहलवानों के प्रदर्शन का आज आठ वां दिन है। इस बीच सुबह पहलवानों के धरने को समर्थन देने के लिए भीम आर्मी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद भी जंतर-मंतर पहुंचे हैं। इस मौके पर चंद्रशेखर ने कहा, ह्यये लड़ाई पार्टी, जाति या धर्म की नहीं है, बल्कि यह लड़ाई इंसाफ की है। सरकार कह रही है कि ये जाट आंदोलन है. आज सरकार प्रदर्शन को धर्म के चश्मे से देख रही है। जंतर-मंतर पर पहुंचकर भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर ने केंद्र की सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि देश में आज न्याय के लिए लोगों को प्रदर्शन करना पड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस एफआईआर दर्ज कर रही



है। भाजपा सरकार में लगातार लोगों पर अत्याचार किया जा रहा है। कोई सुनने वाला नहीं है। देश का मान सम्मान है और नाम ऊंचा करने वाली आज हमारी बेटियों को अपने ऊपर अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद एफआईआर हो रही है। उन्होंने कहा कि जब पहली बार उन्होंने धरना प्रदर्शन दिया था, तब भी उनको सपोर्ट था। लेकिन तब पहलवानों ने किसी भी राजनीतिक दल या लोगों के आने पर रोक लगा रखी थी। जब पहलवानों ने खुले मंच पर कहा कि हमें सब की जरूरत है। तब भीम आर्मी हमेशा से ही देश हित के लिए काम करती रही है और हो रहे अत्याचार को लेकर आवाज उठाती रही है। आज जब हमारे देश की आन-बान-शान पहलवान धरने पर बैठे हैं, तो भीम आर्मी की तरफ से पूरा सपोर्ट इन के लिए रहेगा और यह अकेला भीम आर्मी नहीं हर व्यक्ति इनके समर्थन में खड़ा है। लाखों लोग पहलवानों के समर्थन में खड़े हैं।

चंद्रशेखर रावण ने आगे कहा कि किस तरह से भाजपा की सरकार एक व्यक्ति को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। एक तरफ सरकार 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा देती है, दूसरी तरफ हमारे देश की बेटियों पर अत्याचार हो रहा है, शोषण हो रहा है, लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया।

# मन की बात में आया विषय जनांदोलन बन गयाः चौबे



**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली।**
केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि मन की बात में लोगों की बात देशवासियों को प्रेरित करती है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने लोकप्रिय उक्त रेडियो कार्यक्रम की 100वी कड़ी में प्रेरणादायी संबोधन में बहुत संवेदनशील और आवश्यक विषयों पर देशवासियों से चर्चा की। निश्चित तौर पर यह कार्यक्रम उत्साह, प्रेरणा, कर्तव्यबोध और भारत बोध की भावना को जागृत करने वाला है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने मन की बात के 100वें संस्करण बक्सर संसदीय क्षेत्र के ब्रह्मपुर विधानसभा के बूथ संख्या 273 पर पार्टी कार्यकताओं व जनमानस के साथ सुनी। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2014 में विजयादशमी के शुभ अवसर पर मन की बात की यात्रा शुरू हुई थी। तबसे से लेकर आज तक इसका हर संस्करण अपने आप में विशेष रहा है। पूरे देश से, हर कोने से, हर आयु के लोग मन की बात से जुड़े है। इसके माध्यम से बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत आंदोलन, खादी के प्रति प्रेम, प्रकृति की बात, आजादी का अमृत महोत्सव, अमृत सरोवर ऐसे कई विषयों पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों से अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मन की बात जिस विषय से जुड़ा वो जन आंदोलन बन गया है। हर संस्करण के तरह यह संस्करण भी अपने आप में विशेष और प्रेरणादायी रहा।

# सरोजिनी नगर मेट्रो स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वारों को बनाया गया बेहतर

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली।**
दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन के सरोजिनी नगर मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही की सुविधा बढ़ाने के लिए अलग प्रवेश और निकास द्वार और अतिरिक्त स्वचालित किराया संग्रह (एएफसी) गेटों को नए सिरे से रीमॉडल किया गया है, क्योंकि यह स्टेशन राष्ट्रीय राजधानी के सबसे प्रमुख खरीदारी केंद्रों में से एक सरोजिनी नगर मार्केट से निकट होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों को सेवाएं प्रदान करता है। डीएमआरसी के प्रवक्ता अनुज दयाल ने रविवार को बताया कि रीमॉडलिंग पहल के हिस्से के रूप में, स्टेशन के गेट नंबर 1 (पश्चिम की ओर), जो सरोजिनी नगर मार्केट के नजदीक है, को केवल यात्रियों के प्रवेश के लिए निर्धारित किया गया है। इससे पहले, इस तरफ प्रवेश और निकास के लिए 06 एएफसी गेट थे, जिन्हें अब



विशेष रूप से यात्रियों के प्रवेश के लिए 14 गेटों में बदल दिया गया है। इससे यात्रियों के आने में आसानी होगी और प्रवेश के लिए लगने वाला प्रतीक्षा समय भी कम होगा। प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों के निर्बाध प्रवेश के लिए अधिक लगेज स्कैनिंग मशीनें और फ्रिस्किंग पॉइंट भी स्थापित किए गए हैं।

चूंकि इस स्टेशन पर लगभग 70 प्रतिशत यात्री महिलाएं हैं, इसलिए महिला यात्रियों के लिए चार डेडिकेटेड डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) और पुरुषों के लिए दो डीएफएमडी लगाए गए हैं ताकि फ्रिस्किंग का कार्य तेजी से हो सके। यात्री अब गेट नंबर 2 (पूर्व की ओर) के माध्यम से स्टेशन से बाहर निकल सकते हैं।


पहले इस तरफ प्रवेश और निकास के लिए चार-चार गेट थे, जिन्हें अब केवल निकास के लिए बढ़ाकर 14 कर दिया गया है। स्टेशन पर दिव्यांग यात्रियों के प्रवेश और निकास के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। इस रीमॉडलिंग पहल से यात्री सुविधा में जबरदस्त वृद्धि हुई है और कई यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इस प्रयास की सराहना भी की है।

# बिकिनी गर्ल के बाद छोटी स्कर्ट में लड़की का डांस हुआ वायरल

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
दिल्ली की लाइफ लाइन मानी जाने वाली मेट्रो पिछले कुछ दिनों से यात्रियों की अजीबोगरीब हरकत की वजह से चर्चा में है। जिसमें कभी मेट्रो के अंदर बिकिनी पहने लड़की तो कभी सीट पर बैठे एक लड़के के हस्तमैथुन (मास्टरबेशन) करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद यात्रियों और मेट्रो प्रशासन को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। ताजा मामला दिल्ली मेट्रो का ही बताया जा रहा है, जिसमें एक लड़की छोटे स्कर्ट में मेट्रो के भीतर डांस करते हुए नजर आ रही है। ये वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। दिल्ली मेट्रो का एक नया वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक रीलबाज लड़की छोटी स्कर्ट पहनकर पंजाबी गाने 'कातिल हसीना बहा के पसीना' पर रील बनाते हुए नजर आ रही है। करीब 22 सेकेंड के वीडियो में लड़की नाच रही है और उसके पीछे एक दूसरी लड़की आते है और वो भी पीछे से डांस करती दिख रही है। वीडियो को लेकर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं।

# पुलिस ने सभी सात महिला पहलवानों को दी सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली :**
देश के शीर्ष पहलवानों ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। उनकी शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। पहलवान बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी पर अड़े हैं। इस बीच दिल्ली पुलिस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सभी सात महिला शिकायतकर्ता पहलवानों को सुरक्षा मुहैया कराई है। पुलिस ने महिला पहलवानों के बयान दर्ज करने के संबंध में भी उनसे संपर्क किया। बयान जल्द दर्ज किए जाने की संभावना है। पुलिस पहलवानों के संपर्क में है। कनॉट प्लेस थाने





में नाबालिग पहलवान की शिकायत पर दर्ज पोक्सो एक्ट की धारा से भाजपा सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह फंसते नजर आ रहे हैं। उनकी मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। दिल्ली पुलिस भाजपा सांसद को जांच में शामिल होने के लिए जल्द नोटिस भेज सकती है। सांसद पर महिला पहलवानों ने यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं।

इसको लेकर दिल्ली पुलिस ने कनॉट प्लेस थाने में पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में दो मामले दर्ज किए हैं। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली पुलिस जल्द ही इन मामलों में नाबालिग समेत आरोप लगाने वाली सभी महिला पहलवानों का बयान दर्ज करेगी। इन धाराओं में दर्ज हुआ केस पुलिस ने बालिग महिला पहलवानों के बयान पर आईपीसी की धारा 354, 354ए, 354डी व 34 के तहत मामला दर्ज किया है। धाराएं शारीरिक छेड़छाड़, अश्लील इशारे करने, पीछा करने से संबंधित है। शुक्रवार को पहलवानों ने दिल्ली पुलिस पर प्राथमिकी की कॉपी नहीं देने का आरोप लगाया था। शनिवार सुबह पुलिस ने पहलवानों को इसकी कॉपी सौंप दी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के 6530 संगठात्मक खंडो पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
दिल्ली भाजपा द्वारा आज दिल्ली के विभिन्न 6530 संगठात्मक खंडो में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को सुनने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसमें केंद्रीय मंत्री, सांसद और राष्ट्रीय एवं दिल्ली भाजपा के पदाधिकारियों ने कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसके अतिरिक्त अनेक नागरिक संगठनों, आर.डब्ल्यू.ए. एवं व्यापारी संगठनों द्वारा भी अपने-अपने माध्यम से विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिये सावर्जनिक व्यवस्था की गई। भाजपा मुख्यालय पर केंद्रीय मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने अनेक पदाधिकारियों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। केंद्रीय मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने पूर्वी दिल्ली के गगन विहार में भाजपा कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुनंने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 एपिसोड पूरे हो चुके हैं लेकिन आज तक उन्होंने एक प्रधानमंत्री के रूप में नहीं बल्कि देश के एक प्रधान सेवक के रूप में अपनी बातें रखी है। ह्लमन की बातह्न एक सकारात्मक कार्यक्रम है जिसके द्वारा हमें देश में हो रही कई अच्छी चीजे, संस्कृति और रीती रीवाज जानने का मौका मिलता है। इस मौके पर विधायक श्री ओम प्रकाश शर्मा, जिला





अध्यक्ष श्रीमती लता गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती सारिका जैन एवं पार्षद श्री रमेश गर्ग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नेहरु प्लेस में बुद्धिजीवियों और भाजपा कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनकर मीडिया से बात की। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम को एक अराजनैतिक मंच बताते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश के कण कण में वास करते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों की सामाजिक और संस्कृति दूरियों को खत्म करने का काम किया गया है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती योगिता सिंह, दक्षिणी दिल्ली जिला अध्यक्ष श्री रोहतास बिधूड़ी, प्रदेश प्रवक्ता श्री यासिर जिलानी, जे.आई.एम.एस. के डायरेक्टर डॉ अमित सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि यह पहला ऐसा अराजनैतिक कार्यक्रम है जिसमें किसी भी प्रकार की राजनीतिक विचारधारा से हट कर देश के विभिन्न स्थानों एवं राज्यों में होने वाली घटनाओं, सामजिक परिवर्तन और उपलब्धियों सहित अन्य अद्वितीय कार्यों के बारे में बात की जाती है, उन्हे प्रोत्साहन दिया जाता है। उन्होने कहा यूँ तो मन की बात कार्यक्रम के सभी 100 एपिसोड प्रेरक हैं पर वह एपिसोड जिसमे प्रधान मंत्री ने सेल्फी विद डॉटर (बेटी) को प्रोत्साहित किया था वह मेरा सबसे प्रिय है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री दुष्यंत गौतम ने नरेला गांव में ग्रामीण जनता के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनी और कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि देश के ही नहीं बल्कि विदेशों में भी ऐसा कोई प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति नहीं हुआ जो आम जनता से सीधा जुड़ने के लिए इस तरह का उपयोग किया हो। देश की जनता को देश के विकास के बारे में बताना और उसकी जानकारी देना अपने आप में अद्भुत है। देश के अंदर सामाजिक बुराइयों के प्रति लोगों को जागरूक कर हटाने का काम इस कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता श्री शुभेद्रुशेखर अवस्थी, पूर्व विधायक श्री नीलदमन खत्री सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों और युवाओं के साथ बैठकर सांसद श्री प्रकाश जावडेकर, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं श्री वी सतीश, पार्लियामेंट्री बोर्ड सदस्य डॉ. सुधा यादव एवं डॉ. सुधांशु त्रिवेदी और प्रदेश महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा ने आयोजित मन की बात कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम का संयोजन प्रदेश मंत्री श्री गौरव खारी ने किया। इसके अलावा माथुर लेन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री विनय सहस्त्रबुद्धे, जिला अध्यक्ष श्री प्रशांत शर्मा एवं श्रीमती बांसुरी स्वराज सहित अन्य पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### स्टडी जोन लाइब्रेरी के पास हुई थी फायरिंग की घटना का आरोपी पकडा

**मथुरा।** थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा अवैध असलाह से स्टडी जोन लाइब्रेरी के पास फायरिंग करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने अवैध असलाह भी बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार जसवीर सिंह के मुताबिक एक अप्रैल को रात्रि में करीब आठ बजे कृष्णापुरम कालोनी औरंगाबाद में कोचिंग सेन्टर के सामने हर्ष फायरिंग की घटना हुई थी जिसके सम्बन्ध में हल्का प्रभारी उप निरीक्षक त्रिमोहन सिंह ने अभियुक्त सुनील, शैलश व दीपू के विरुद्ध थाना सदर बाजार पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपित दीपू उर्फ दीपक पुत्र गुलवीर निवासी बसोली थाना गोंडा जिला अलीगढ़ हाल निवासी मोती एनक्लेव औरंगाबाद थाना सदर बाजार को कच्चा रास्ता औरंगाबाद से गिरफ्तार किया गया है। इसके कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर व दो जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किये गए हैं। थाना सदर बाजार पुलिस ने एक अवैध तमंचा 12 बोर व दो कारतूस 12 बोर के साथ विमल यादव पुत्र जयवीर सिंह निवासी नगला सबल थाना भरथना जनपद इटावा हाल पता संदीप सिंह के मकान में टंकी के पीछे विकास नगर थाना कोतवाली जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया है।

### चार मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**मथुरा।** जिला न्यायाधीश आशीष गर्ग अवगत कराया है कि उच्च न्यायालय प्रयागराज के निदेशों के क्रम में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए निर्धारित तिथि को संबंधित जनपद में उत्तर प्रदेश शासन के नोटिफिकेशन के अन्तर्गत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। परिप्रेक्ष्य में जनपद मथुरा में होने वाले नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के लिए निर्धारित चार मई दिन गुरूवार का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। चार मई को समस्त अधीनस्थ न्यायालय एवं कार्यालय, बाहय न्यायालय, छाता, मथुरा, ग्राम न्यायालय, मांट, मथुरा एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट, रेलवे, मथुरा के न्यायालय एवं कार्यालय भी बंद रहेंगे।

### मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण को विशेष सत्र कल

**मथुरा।** प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण राजेश कुमार ने अवगत कराया है कि नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत चुनाव को मतदान सम्पन्न कराये जाने के लिए ड्यूटी में नियुक्त समस्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी जो मतदान का प्रशिक्षण नहीं प्राप्त कर सके हैं, ऐसे कर्मचारियों के लिए मतदान प्रशिक्षण का एक विशेष सत्र मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में दो मई को अपराह्न 12 से तीन बजे तक आयोजित किया जायेगा। मतदान समस्त कार्मिक जिनके द्वारा किसी कारणवश प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया गया है वह उपरोक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण सत्र में भाग ले सकते हैं।

### छात्रवृत्ति फार्म में भूल सुधार का आज अंतिम दिन

**मथुरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद मथुरा से सम्बन्धित समस्त संबंधित एफिलियेटिंग एजेंसी, विश्वविद्यालयों एवं जिला विद्यालय निरीक्षक (कक्षा 11-12) को सूचित किया है कि अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11 एवं 12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से सम्बन्धित छात्रों के लंबित आवेदनों के निस्तारण के लिए पुनः पोर्टल खोले जाने के सम्बन्ध में समय सारिणी निर्गत की गयी है। 20 अप्रैल से एक 01 मई तक कक्षा 11 एवं 12 तथा अन्य उच्च कक्षाओं के डाटा को जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सम्बन्धित विश्वविद्यालय एवं एफिलियेटिंग एजेन्सी द्वारा संस्था की मान्यता, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का वर्ष एवं अध्ययनरत वर्गवार वास्तविक छात्र संख्या की प्रमाणिकता को डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाइन सत्यापित करना। अपात्र छात्रों, पाठ्यक्रमों, संस्थाओं को ब्लॉक करने, सत्यापित किये जाने की समय अवधि निर्धारित है। समय सारिणी में निर्धारित समयावधि में कार्यवाही न किए जाने के कारण संबंधित छात्रों को छात्रवृत्ति की सुविधा प्राप्त नहीं हो पाएगी। जनपद मथुरा से सम्बन्धि एफिलियेटिंग एजेंसी ६ विश्वविद्यालयों एवं जिला विद्यालय निरीक्षक अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत अपनी लॉगिन पर लम्बित अनुसूचित जाति छात्रों के डाटा को समय से छात्रवृत्ति नियमावली में उल्लिखित नियमानुसार सत्यापित करने का कष्ट करें, जिसस किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से बचा जा सके।

### 1.8 किलो गांजे के साथ वांछित पकडा

**मथुरा।** थाना शेरगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में वांछित चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपित को 1.8 किलो ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आगरा में इसके खिलाफ करीब आधा दर्जन मुकदमा दर्ज हुए हैं। थानाध्यक्ष शेरगढ सोनू कुमार के मुताबिक हीरालाल शर्मा पुत्र बुद्धाराम शर्मा निवासी जुरहैरा थाना जुरहैरा जनपद भरतपुर राजस्थान की मथुरा पुलिस को तलाश थी। आरोपित को ग्राम खुर्शी थाना शेरगढ़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

# मन की बात सुन महिलायें गदगद

**टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा**
रविवार को वेटरनरी विवि के कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में प्रधानमंत्री के मन की बात के 100 वें संस्करण को सुनकर सैकड़ों महिलाएं गदगद नजर आई। महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों को गंभीरता से सुना और सीखा। प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूह, स्वच्छता अभियान, वोकल फार लोकल, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आत्मनिर्भर भारत, लघु उद्योग धंधों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम से सीख



लेकर आत्मनिर्भर बने कई लोगों से फोन पर सीधे वार्ता भी की। उनके द्वारा जुटे अभियानों, रोजगार आदि के बारे में जानकारी लेकर उनका हौसला अफजाई किया। उन्होंने सभी से ऐसे लोगों से सीख लेकर आगे बढ़ने की अपील की। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी लोगों का आभार भी जताया। इस मौके पर केवीके के प्रभारी डा वाईके शर्मा ने महिलाओं को खेतीबाडी एव स्वयं सहायता समूह से संबंधित लाभकारी जानकारी दी। उन्हे खेती एवं पशुपालन में बढावा देने के लिए कई सुझाव दिए। मृदा वैज्ञानिक डा रविन्द्र कुमार राजपूत ने मृदा परीक्षण की जानकारी देकर उन्हे लाभान्वित किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं सहित गोविंद कुमार गुप्ता, जय किशन, चन्द्र प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

> 8 मृदा वैज्ञानिक डा रविन्द्र कुमार राजपूत ने मृदा परीक्षण की जानकारी देकर उन्हे लाभान्वित किया।

## माँ भारती रक्तवाहिनी ने एकत्रित करवाया 194 यूनिट रक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**आज** सोनीपत की सँस्था माँ भारती रक्तवाहिनी व रेडक्रॉस के सौजन्य से कार्यकारिणी सदस्य स्व. राजेश कश्यप की स्मृति में भारतीय सेना के लिए बीसवाँमील मॉडल संस्कृति स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें बॉलीवुड ढाबा बीसवाँमील का भी सहयोग रहा । शिविर में सशस्त्र सेना आदान केंद्र दिल्ली केंट से आई रक्तकोष टीम ने 194 यूनिट रक्तदान करवाया । शिविर में विशेष तौर पर मुख्यअतिथि के रूप में पहुँचे भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा स्टेट ब्रांच के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने सँस्था की तारीफ करते हुए कहा कि सँस्था माँ भारती रक्तवाहिनी द्वारा सेना के लिए 30 वाँ व कुल 133वें रक्तदान शिविर में आकर देखा कि इतने अच्छे प्रकार से व्यवस्थित प्रोग्राम



सँस्था का है और रक्तदाताओं की भीड़ जो यहाँ देखने को मिली वह अभूतपूर्व है । रक्तदान के क्षेत्र में सँस्था का कार्य बेहद सराहनीय है । साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुँचे पूर्व आई जी हरियाणा पुलिस सुमन मंजरी ,जिला शिक्षा अधिकारी नवींन गुलिया , रेडक्रॉस सोनीपत से डी टी ओ सजंय शर्मा , ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया व सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र भेंट किये ।

## जिला भर में कई स्थानों पर सुना गया मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड

**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा/नारनौलः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100 वां एपिसोड आज जिला के विभिन्न स्थानों पर टोलियां बनाकर सुना गया। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने अपने कार्यकताओं के साथ कैंप कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम सुना। इसके अलावा विभिन्न जगहों पर पार्टी के पदाधिकारियों तथा आमजन ने रेडियो अरावली के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम को सुना। वहीं गुमंतु जाति समुदाय से जुड़े परिवार भी प्रधान मंत्री के मन की बात को गौर से सुनते देखे गए। जिला महेंद्रगढ़ में रेडियो प्रसारण मन की बात की 100 वीं कड़ी को अभूतपूर्व बनाने को कार्यक्रम सुनने के लिए लोग काफी उत्साहित नजर आए। हर आम और खास ने ध्यान से इस कार्यक्रम को सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न राष्ट्रीय तथा सामाजिक मुद्दों पर रेडियो के जरिए देश की जनता से रूबरू हुए।
प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में आज पर्यावरण को लेकर भी काफी फोकस किया। उन्होंने जल संचयन, संवर्धन तथा संरक्षण पर देश के नागरिकों को



जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने हमारे प्राकृतिक संसाधन, नदियाँ, पहाड़, तालाब व तीर्थ स्थलों पर बोलते हुए इनके संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे हमें टूरिज्म इंडस्ट्री को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने इंक्रेडिबल इंडिया मूवमेंट की भी कई बार चर्चा की।

### दो की शाम से चार मई की शाम तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**मथुरा।** दो मई की शाम छह बजे से चार मई की रात्रि को 12 बजे तक जनपद भर में शराब, बीयर आदि की दुकानें बंद रहेंगी। चार मई को जनपद मथुरा में होने वाले मतदान की समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात दो मई की सायं छह बजे से चार मई को मतदान समाप्त।

### ट्यूबवैल की कोठरी में पडा मिला युवती का शव

**टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा।**
रविवार की सुबह मथुरा जंक्शन के सकुर्लेटिंग एरिया के पास बंद पड़े ट्यूबवेल की कोठरी में 20 वर्षीय युवती का नग्न अवस्था में शव पड़ा हुआ मिला। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कोठरी में शव पडा होने की सूचना पुलिस को रविवार की सुबह करीब 11 बजे मिली। जीआरपी को सूचना मिली कि कोठरी में एक युवती का शव पडा हुआ है। थाना कोतवाली क्षेत्र का घटना स्थल होने के कारण जीआरपी ने कोतवाली पुलिस को बुला लिया। आशंका जताई जा रही है कि युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है।
सूचना पर एसएसपी शैलेष कुमार पांडेय, एसपी सिटी एमपी सिंह, सीओ सिटी अभिषेक तिवारी, कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडेय मौके पर पहुंच गए।

## के.पी.ए.के महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** के पी ए के महाविद्यालय में प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हरियाणवी,पंजाबी, राजस्थानी,कथक आदि नृत्यों की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने विभिन्न नृत्यों की जानकारी भी दी।
इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नृत्य केवल मनोरंजन का एक साधन ही नहीं है बल्कि यह भावनाओं को अभिव्यक्त करने का साधन भी है।
आप अपने हर भाव को दूसरों तक पहुंचाने के लिए डांस का सहारा ले सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस का उद्देश्य लोगों में इन सभी नृत्य स्वरूपों के प्रति जागरूकता फैलाना है।

## भाजपा के शासन में प्रदेश बड़े ही नाजुक व बुरे दौर से गुजर रहा हैः ओमप्रकाश चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/ गोहाना :** पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि भाजपा के कुशासन से मुक्ति दिलवाने को लेकर देशभर के विपक्षी दल एकजुट हो रहे हैं और इसके सकारात्मक परिणाम जल्द ही देखने को मिलेंगे। जिस तरह से पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल ने 1989 में विपक्षी दलों को एकजुट किया था और अब उसी तरह से भाजपा से देश की जनता को मुक्ति दिलवाने को लेकर विपक्षी दल एकजुट हो रहे हैं। 2024 में शत-प्रतिशत इनेलो की सरकार बनने जा रही है। ओमप्रकाश चौटाला शनिवार को जीटी रोड स्थित रोड धर्मशाला में पार्टी कार्यकताओं की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित



कर रहे थे।
इनेलो सुप्रीमो ने कहा कि आज भाजपा के शासन में प्रदेश बड़े ही नाजुक व बुरे दौर से गुजर रहा है। सरकार दोनों हाथों से प्रदेश को लूटने का काम कर रही है। इस जनविरोधी भाजपा के कुशासन का अंत नजदीक आ गया है। यह सरकार सिर्फ नारों व जुमलों की सरकार बनकर रह गई है। सरकार की कथनी व करनी में दिन-रात का अंतर है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने बुजुर्गों की पैंशन 5100 रूपए करने का वायदा किया था, पर सरकार ने अपना वायदा पूरा नहीं किया। मात्र 250 रूपए पैंशन बढ़ाकर सरकार ने बुजुर्गों का अपमान किया है। इसके लिए प्रदेश के बुजुर्ग सरकार को कभी माफ नहीं करेंगे और आगामी विस चुनाव में वोट की चोट से सरकार से अपना हिसाब चुकता करेंगे।
उन्होंने कहा कि वर्ष 1987 में जननायक ने बतौर मुख्यमंत्री बुजुर्गों के लिए 100 रुपए प्रतिमाह बुढ़ापा पैंशन शुरू की थी और चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चलते हुए इनेलो के सत्तासीन होने पर बुजुर्गों को प्रतिमाह 7500 रुपए पैंशन दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तानाशाह और बेरहम सरकार से छुटकारा पाने का वक्त आ गया। उन्होंने कहा कि इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला द्वारा प्रदेशभर में परिवर्तन यात्रा निकाली जा रही है जोकि प्रदेश के हर हलके व विभिन्न गांवों में पहुंच रही है। यात्रा के माध्यम से अभय सिंह चौटाला सीधे लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जान रहे हैं और प्रदेश में इनेलो की सरकार बनने पर उन समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। चौटाला ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि जो हमारे पुराने कार्यकर्ता किसी वजह से दूसरी जगह चले गये थे।

### निकाय चुनाव में मतदाता मौन, यक्ष प्रश्न जीतेगा कौन!

**मथुरा।** निकाय चुनाव प्रचार अभियान आखिरी चरण में पहुंच गया है। प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान में अपना पूरा दमखम लगा दिया है। प्रचार के शोर में मतदाता मौन है। मतदाता की चुप्पी प्रत्याशियों की धड़कनें बढा रही है। बावजूद इसके सभी की जीत के आंकड़े हैं और सभी अपनी जीत पक्की मानकर चल रहे हैं। निकाय चुनाव राजनीतिक दलों के चुनाव पार्टी सिंबल पर लडा जा रहा है। निर्दलीय प्रत्याशी भी पूरा दमखम दिखा रहे हैं। मथुरा वृंदावन नगर निगम के मेयर पद के लिए 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें भाजपा से विनोद अग्रवाल, कांग्रेस के सिंबल से श्याम सुंदर उपाध्याय बिट्टू, कांग्रेस पार्टी से समर्थित और निर्दलीय राजकुमार रावत, समाजवादी पार्टी से तुलसी राम शर्मा, आम आदमी पार्टी से प्रवीण भारद्वाज, बसपा से राजा मोहतसिम अहमद के अलावा निर्दलीय रमेश और बबिता हैं। मतदाताओं की चुप्पी से इस बार राजनीतिक के आंकड़े बाज भी गच्चा खा रहे हैं। जीतेगा कौन यक्ष प्रश्न बन गया है जिसका हल मतगणना वाले दिन ही मिलेगा। नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में अधिकांश मतदाता कामकाजी होते हैं और उनकी दिनचर्या नियत होती है। दूसरे चुनावों में शिक्षित मतदाताओं का प्रतिशत भी अधिक रहता है। एक तरह से यह माना जाता है कि निकाय चुनाव में अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करने वाले मतदाता समझदार होते हैं। ऐसे में उनका मिजाज समझना भी हमेशा से प्रत्याशियों के लिए मुश्किल रहा है। प्रत्याशियों ने गोटियां बिछा दी हैं। वोटरों को रिझाने के साथ ही अपने वोट बैंक में सेंधमारी रोकने पर भी प्रत्याशियों का फोकस है। प्रत्याशी किसी भी तरह की कोई कोर कसर छोडने को तैयार नहीं है।

### नमामि गंगे के तहत प्राचीन 21 कुंडो का किया जाएगा पुनरुद्धार

**मथुरा।** कुंड कान्हा की नगरी की पहचान रहे हैं। प्रमुख मंदिरों के आसपास प्राचीन काल के धार्मिक और पुरातात्विक महत्व के कुंड मौजूद हैं। रखरखाव के अभाव और अतिक्रमण के चलते अधिकांश कुंड अब अपने प्राचीन स्वरूप में नहीं है। जनपद के शहरी और ग्रामीण अंचलों में तालाबों का अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत पुनरुद्धार किया गया है। वहीं प्राचीन महत्व के कुंडों का भी पुनरुद्धार किया जा रहा है। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने सात अप्रैल को गोवर्धन परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया था। इसके बाद यह निर्णय लिया गया कि गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में स्थित समस्त पौराणिक कुण्डों का पुनरुद्धार कराना आवश्यक है। नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई है की नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर स्थित नौ कुण्डों का पुनरुद्धार हेतु भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजा गया है।

## गुरुद्वारा हेम नगर साहिब में आयोजित हुआ शुक्राना समागम

### श्री गुरु ग्रंथ साहिब को नमन कर श्रद्धालुओं के साथ बैठकर मेयर निखिल मदान ने चखा लंगर प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
नगर निगम मेयर निखिल मदान रविवार को श्री गुरुद्वारा साहिब हेमनगर पहुंचे और वहां आयोजित शुक्राना समागम में हिस्सा लिया।
कार्यक्रम के आयोजक रमेश अरोड़ा ने बताया कि पिछले माह सोनीपत शहर से सैकड़ों श्रद्धालु श्री करतारपुर साहिब गुरुद्वारा गए थे। उनकी सकुशल यात्रा पूरी होने के बाद आज पूरी साध संगत ने इकट्ठा होकर उन सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया है। साथ ही



यात्रा के सुखद रूप से सफल होने पर प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का शुक्राना भी व्यक्त किया है।
मेयर निखिल मदान ने कहा कि वो सबसे पहले गुरु नानक देव जी को नमन करते हैं और करतारपुर साहिब की यात्रा कर लौटे सभी श्रद्धालुओं का स्वागत और अभिनंदन करते हैं। आज के दौर में हम सबके लिए गुरु नानक देव जी के सारे उपदेश प्रासंगिक है और हम सबको उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने सारी संगत के साथ मिलकर सुखमनी साहिब का पाठ सुना और उसके बाद लंगर प्रसाद चखा। इस अवसर पर रमेश अरोड़ा,पूर्व पार्षद ईश ,हंसराज नारंग,प्रेम नारंग आर के स्वीट्स वाले,श्याम सुन्दर मदान ,हरनाम अरोड़ा,महेंद्र खुराना ,भूमेश सलूजा ,सुरेश अरोड़ा ,भवानी दास नारंग,मनोज कालड़ा,रविंद्र,सुरेंद्र ,महेंद्र ठकराल मौजूद रहे।

## पानीपतः भाजपा नेता विजय जैन का पदयात्रा के दौरान जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**
पानीपत ग्रामीण हलके के वरिष्ठ भाजपा नेता विजय जैन पार्षद की जनसंपर्क पदयात्रा का सातवां चरण रविवार को गांव नूरवाला व इंदिरा विहार कॉलोनी में संपन्न हुआ। लोगों ने घर -घर पर पार्षद विजय जैन का फूल मालाओं और पुष्प वर्षा करके जोरदार स्वागत किया। वहीं भाजपा नेता विजय जैन ने कहा है कि ग्रामीण हलके के लोगों की सेवा करने को लेकर ही वे राजनीति में आये है और हर सुख दुख में लोगों के साथ खड़े मिलेंगे। जैन ने कहा कि लोगों का आशीर्वाद मिला तो ग्रामीण हलके से विधायक बनकर लोगों की सेवा करने का काम करेंगे। जैन ने दावा



किया वे मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में ग्रामीण हलके का चहुंमुखी विकास करवाया गया है और भविष्य में भी हलके में विकास कार्यो की कोई कमी नहीं रहेगी।
इस अवसर पर विजय बावा, हरीश बरेजा ,बनारसी बावा, अशोक मेहता, सरदार दर्शन सिंह, सरदार दारा सिंह, बिट्टू करसन, बालकिशन चावला, प्रदीप शर्मा ,शिवकुमार शर्मा , बलराम कौशिक , डॉक्टर सिताब सैनी ,आशु सैनी, भगवान हुड्डा, वजीर सिंह खर्ब, मास्टर मोहन लाल शर्मा, संजय मित्तल ,अनुज गर्ग, पूर्व सरपंच दर्शन लाल वधवा, पूर्व सरपंच अशोक डुमणा आदि मौजूद रहे।

## पानीपत के सेक्टर 12 मदर टरेसा मार्किट के प्रधान बने राजेंद्र कपूर



**पानीपत।** पानीपत के सेक्टर 12 की मदर टरेसा मार्किट के दुकानदारों की बैठक रविवार को मार्किट में हुई। जिसमें राजेंद्र कपूर उर्फ सोनू बाली को मदर टरेसा मार्किट एसोसिएशन का प्रधान चुना गया। जबकि बलदेव कपूर को मार्किट का उप्रधान और राकेश कालड़ा को सचिव चुना गया है। सभी दुकानदारों ने सोनू बाली को मार्किट एसोसिएशन का प्रधान चुने जाने पर फूलमालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। वहीं नवनियुक्त प्रधान सोनू बाली ने कहा कि मार्किट के सभी दुकानदारों से मिलकर दुकानदारों के सामने आनी वाली समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा।

## कराटे प्रतियोगिता में मथुरा खिलाडियों ने जीते कई पदक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
नई दिल्ली स्थित तालकटोरा इनडोर स्टेडियम में नेशनल इंदौर मार्शल आर्ट गेम्स 2023 के प्रथम संस्करण का आयोजन हुआ। 28 एवं 29 अप्रैल को आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 600 से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया, जिसमें कराटे के अतिरिक्त अन्य मार्शल आर्ट गेम्स लाठी, तंगमुडो, इनडोर आर्चरी, टैंगसूडो एवं क्रममागा के खिलाडी शामिल थे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का शुभारंभ मार्शल आर्ट गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी दीपक अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर



किया। कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव सेंसेई रजनी चैधरी, उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के सचिव शिहान अमित गुप्ता मौजूद रहे। मथुरा से 65 किलोग्राम भार वर्ग में आकाश चैधरी ने रजत पदक, 50 किलोग्राम भार वर्ग में एकलव्य ने रजत पदक, वहीं 28 किलोग्राम में कृष्णा, 42 किलोग्राम में आर्यन एवं 22 किलोग्राम भार वर्ग में दीक्षा शर्मा को प्रमाण पत्र के साथ संतोष करना पड़ा। पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान फाइटर्स एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट द्वारा मंडी चौराहे पर किया गया इस अवसर पर वेद प्रकाश पांडे, कोच राजीव सोनी, टीम के मेंटर तथा राष्ट्रीय रेफरी सोनू निषाद, वसुंधरा ब्लेसिंग फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सुनीता, कराटे एसोसिएशन ऑफ मथुरा के उपाध्यक्ष मन्त्रवीर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# संपादकीय

## शिक्षक की काबिलियत

**कुछ** साल पहले शिक्षक प्रशिक्षण के लिए पुस्तकों पर चर्चा के दौरान सत्र की शुरूआत एक ऐसे प्रश्न से करने की बात आई जो सभी प्रतिभागियों को उद्वेलित करे और दिए गए विचार के पक्ष या विपक्ष में मजबूती से अपने तर्क रखने के लिए प्रेरित करे। इसी मकसद से यह प्रश्न रखा गया कि क्या दुनिया की सारी पाठ्य पुस्तकों को महासागर में फेंक देना चाहिए! आप इस विचार से सहमत हैं या असहमत? और क्यों? लगभग तीस सदस्यों के समूह में इसके पक्ष-विपक्ष पर आधा घंटा बहस के बाद भी दो पक्ष आपस में सहमत होने को तैयार नहीं थे।

जो इस बात से सहमत थे, उनका मानना था कि अगर शिक्षक काबिल हैं, अपने विषय को ठीक से समझते हैं, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर और शिक्षण विधियों की समझ उन्हें है तो पाठ्य पुस्तकों की आवश्यकता नहीं है। इसके बजाय स्कूलों में एक समृद्ध पुस्तकालय होना चाहिए, हर कक्षा में पढ़ने का कोना होना चाहिए, जिसमें बहुत सारी किताबें और अन्य सामग्री उपलब्ध हो। बच्चों को आपस में और शिक्षक के साथ बातचीत करने के अवसर हों तो निश्चय ही पाठ्य पुस्तकों को प्रशांत महासागर में फेंक देना चाहिए! वहीं दूसरे पक्ष का कहना था कि ऐसे शिक्षक मिलेंगे कहां, जिन्हें अपने विषय, विद्यार्थियों, उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि, परिवेश, सीखने के स्तर और शिक्षण विधियों की ठीक-ठीक समझ हो! इसके अलावा, उनका सरोकार शिक्षक के व्यक्तिगत आग्रहों और रुझानों को भी लेकर था। उनका यह मानना था कि पाठ्य-पुस्तकें कक्षा प्रक्रिया को वस्तुनिष्ठ बनाए रखने में सहायता करती हैं। अगर इसे शिक्षकों पर छोड़ दिया जाए कि कक्षा में क्या पढ़ाया जाना है तो उनके सामाजिक-राजनीतिक आग्रहों को जांचने का कोई वस्तुनिष्ठ पैमाना बच्चों के पास नहीं रह जाएगा। इस चर्चा के नतीजे के तौर पर ध्यान इस बात की ओर दिलाया गया कि जो वक्तव्य से सहमत थे, उनकी बात ह्यअगरह्ण से शुरू होती है। यानी जिस तरह के शिक्षक उम्मीद वे करते हैं, सभी शिक्षक जब तक उन पैमानों पर तैयार नहीं हो जाते, तब तक पाठ्य पुस्तकों को हम फेंक नहीं सकते। दूसरे, अगर शिक्षक अकादमिक रूप से तैयार हो भी जाएं तो क्या अपने व्यक्तिगत आग्रहों से वे पूरी तरह मुक्त हो सकते हैं? यहीं सोचने का विषय है कि क्या वस्तुनिष्ठता का यह सवाल सिर्फ शिक्षकों तक सीमित है! खासतौर पर एक ऐसे समाज में जहां राजनीतिक सत्ता के बदलाव के साथ पाठ्य-पुस्तकों में बदलाव किए जाते हों। इन दिनों पाठ्य-पुस्तकें फिर चर्चा में हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि कुछ स्कूली किताबों से कुछ खास अध्याय निकाल दिए जाएंगे। नागरिक शास्त्र की पाठ्य पुस्तकें शीत युद्ध और अमेरिका के वर्चस्व की बात नहीं करेंगी, तो किसी कक्षा के बच्चे लोकतंत्र और विविधता के बारे में नहीं पढ़ेंगे! किसी कवि की कविताएं बाहर हो जाएंगी तो किसी प्रचारित उपन्यासकार को जगह मिलेगी!

यह कौन तय कर रहा है कि पाठ्यपुस्तकों में क्या शामिल हो और क्या निकाल दिया जाए? किताबों से पाठों के हटाने से क्या इतिहास बदल जाएगा? मगर इसके अन्य पहलू भी हैं। क्या यह सवाल सिर्फ राजनीतिक सत्ताधीशों से किया जाना चाहिए? एक समाज के रूप में हम जहां खड़े हैं, वहां कैसे आ गए? अगर हमने इस देश और समाज में पढ़ने की संस्कृति का विकास किया होता तो भी क्या हमारे बच्चे क्या पढ़ें, इस पर राजनीतिक सत्ता का इस कदर नियंत्रण रह सकता था? हमने हर बच्चे के हाथ में मोबाइल फोन तो थमा दिया, जिसमें वाट्सऐप और यूट्यूब से घृणा और अश्लीलता भरी कोई भी सामग्री उन तक पहुंच सकती है, लेकिन हर गली में ऐसे पुस्तकालय नहीं बना सके,जिसमें बच्चे मिल कर किताबें पढ़ते और उन पर चर्चा करते।

# दिहाड़ीदार मजदूरों की दुर्दशा के लिए जिम्मेवार कौन?



डॉ. प्रियंका सौरभ

> "सामाजिक सुरक्षा कोष में तेजी लाने की आवश्यकता है ताकि देश के सबसे गरीब और कमजोर तबके को यह वित्तीय सुरक्षा की भावना प्रदान कर सके। एक मजदूर देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है। किसी भी समाज, देश संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहमियत किसी से भी कम नहीं आंकी जा सकती। इनके श्रम के बिना औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना भी नहीं की जा सकती।"

बदलते दौर में विभिन्न आपदाओ के कारण सबसे बड़ा संकट दिहाड़ीदार मजदूरों के लिए हुआ है। जिनके बारे देश के अंदर बहुत ही कम चर्चा हुई और इनकी आर्थिक सहायता के लिए देश की सरकार ने कुछ नहीं सोचा। कोई संदेह नहीं कि देश का मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा शोषण का शिकार है। दिहाड़ीदार मजदूर के लिए भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। शहरों में रोजी-रोटी की तलाश में आने वाले मजदूर भूख से मर रहें है दिहाड़ीदार मजदूरों के लिए जिम्मेवार कौन है ? देशभर में करोड़ों लोग दिहाड़ीदार श्रमिक हैं। एक मजदूर देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है। किसी भी समाज, देश संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहमियत किसी से भी कम नहीं आंकी जा सकती। इनके श्रम के बिना औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती। दिहाड़ीदार मजदूर की गतिविधियों या डेटा के संग्रह को किसी कानूनी प्रावधान के तहत संजोकर नहीं रखा जाता है मतलब ये की सरकार इनका खाता नहीं रखती है। इन दिहाड़ीदार मजदूरो/अनौपचारिक / असंगठित क्षेत्र का जीडीपी और रोजगार में योगदान के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रमुख स्थान है। देश के कुल श्रमिकों में से, शहरी क्षेत्रों में लगभग 72 प्रतिशत दिहाड़ीदार/अनौपचारिक क्षेत्र में लगे हुए हैं। शहरी विकास में दिहाड़ीदार/अनौपचारिक क्षेत्र का महत्व बहुत ज्यादा है। भारत के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 500 मिलियन श्रमिकों के भारत के कुल कार्यबल का लगभग 90% अनौपचारिक क्षेत्र में लगा हुआ है। यही नहीं प्रवासी दिहाड़ीदार मजदूर न केवल आधुनिक भारत, बल्कि आधुनिक सिंगापुर, आधुनिक दुबई और हर आधुनिक देश का निमार्ता है जो आधुनिकता की ग्लैमर सूची में खुद को ढालता है। भारत में शहरी अर्थव्यवस्था विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के अनुरूप है, जो अनौपचारिक श्रमिकों दिहाड़ीदार मजदूरों और असंगठित क्षेत्र द्वारा लाइ गई है। देखे तो यही वो बैक-एंड इंडिया है जो आधुनिक अर्थव्यवस्था के पहियों को चालू रखने के लिए फ्रंट-एंड इंडिया को दैनिक जरूरत का समर्थन प्रदान करता है।



फैक्ट्रियां, औद्योगिक इकाइयां, होटल, रेस्तरां और कई अन्य प्रतिष्ठान, भले ही बड़े नाम और उनके प्रसिद्ध संचालकों के बावजूद ऐसे श्रमिकों या दिहाड़ीदारों पर निर्भर करते हैं। ये अलग-अलग कार्यों के लिए आते हैं। उबर और ओला ड्राइवर,राजमिस्त्री, बढ़ई, फूड डिलीवरी बॉय, पेंटर, प्लम्बर और कई अन्य हैं। भारत के भीतर श्रम प्रवास आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है और लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुधारने में योगदान देता है। प्रवासन आय में सुधार, कौशल विकास, और स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी सेवाओं तक अधिक पहुंच प्रदान करने जैसे कार्यों में मदद कर सकता है। इसके बावजूद ये दिहाड़ीदार बहुत सी समस्यों से घिरे हुए है। हमारे राज्यों और शहरों में कितने अनौपचारिक क्षेत्र के कार्यकर्ता/ दिहाड़ीदार प्रवेश करते हैं और छोड़ते हैं, इस पर कोई विश्वसनीय डेटा नहीं है। भारत के आर्थिक सर्वेक्षण 2019 के अनुसार, भारत के कुल श्रमबल के लगभग 90% कर्मचारी अनौपचारिक क्षेत्र में लगे हुए हैं। कार्यबल के रिकॉर्ड के अभाव में प्रमुख चुनौतियों में नौकरी की सुरक्षा की कमी, सीमित या बैंकिंग और बीमा चैनलों तक पहुंच न होना, आम तौर पर कम विकसित सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली शामिल हैं। इसके पास बुनियादी सुविधाओं का अभाव भी है।

अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को सार्वजनिक सुविधाओं जैसे कि हैंडपंप और सार्वजनिक नल या स्टैंडपाइप पर अधिक निर्भरता है जो एक नगरपालिका या सार्वजनिक कनेक्शन से जुड़े होते हैं। और ये स्रोत आम तौर पर अविश्वसनीय हैं - हैंड पंप और नगरपालिका पाइप हमेशा पीने योग्य गुणवत्ता वाले पानी की आपूर्ति नहीं करते हैं। संक्रमण का मुकाबला करने में हाथ धोने के महत्व को देखते हुए जल स्वच्छता और स्वच्छता की कमी प्रवासी मजदूरों को असुरक्षित कार्य वातावरण में काम करने का जोखिम देती है। शहरी क्षेत्रों को अनौपचारिक क्षेत्र के कार्यकर्ता के लिए अधिक समावेशी बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को भारतीय अर्थव्यवस्था, ग्रामीण-शहरी विभाजन, राज्यों के भीतर असमान विकास और देश में क्षेत्रों के बीच असमान विकास और सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को दूर करने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने की आवश्यकता है। अनौपचारिक क्षेत्र के कार्यकर्ता को अपने स्थानीय प्रशासन और पंचायत संरचनाओं के माध्यम से अपने कौशल और पिछले अनुभव के आधार पर नौकरी की तलाश और रोजगार के अवसरों के लिए प्रासंगिक जानकारी और परामर्श के साथ समर्थन करने की आवश्यकता है। श्रम मंत्रालय द्वारा हाल ही में प्रस्तावित असंगठित कामगार सूचकांक नंबर कार्ड भी कार्यबल को औपचारिक बनाने में मदद करेगा। सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना पर ध्यान केंद्रित करके इनके लिए बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है। स्मार्ट शहरों की परियोजनाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन बुनियादी ढांचे को भी मजबूत करने की आवश्यकता है। यह सामाजिक और वित्तीय समावेश स्मार्ट सिटीज मिशन को वास्तव में समग्र बना देगा। अन्य नियमित कर्मचारियों की तरह इनको भी आर्थिक रूप से सहायता करना इनकी सामाजिक सुरक्षा को मजबूती देगा । सामाजिक सुरक्षा कोष में तेजी लाने की आवश्यकता है ताकि देश के सबसे गरीब और कमजोर तबके को यह वित्तीय सुरक्षा की भावना प्रदान कर सके। एक मजदूर देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है। किसी भी समाज, देश संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहमियत किसी से भी कम नहीं आंकी जा सकती। इनके श्रम के बिना औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

# कविता

**कातर आंखों की गंध।**

नक्सल प्रभावित क्षेत्र  
बस्तर के संदर्भ में।  
संजीव-नी।  
कतर आंखों की गंध।  
उसने सबसे पहले  
पूछा था कातर आंखों से,  
दूर-दूर तक,  
इस बियाबान जंगल में, इतनी मायूसी  
क्यों है ?  
आवा जाही नहीं है ,  
नही है पदचाप की  
गर्माहट,सीले से रिते से, स्खलित से क्यों है? अमलतास, चंपा  
और गुड़हल के,  
रक्तिम पुष्प और छाल  
नशे से भरी है,  
महुए के पेड़ से टूटे  
महुए की मदहोशी  
कहां हुई है गुमशुदा ?  
सनसनाहट नहीं  
आती है  
दिमागी तंतुओं में  
मिट्टी के प्यालों से  
हलक में उतरती  
राशि से भी,  
केवल चलती फिरती  
आकृतियां ही हैं,  
आसपास,  
पासपास आंखों के  
इशारों से होता है  
सब,  
उसे भी वह  
पहचानती है,  
आंखों की गंध से,  
आंखों की गंध ही,  
बताती है,  
वह दाता है या जान  
लेने वाला,  
उन्हीं की कातर  
आंखों से,  
दूर-दूर तक होती  
है,  
पहचान,  
जो अपनों को  
जो बहुत पहले  
और पहले छोड़ चुके  
हैं,  
अब वनांचलो  
में बन गए हैं  
किंवदंतियां और  
लोक कथाओं के  
पाषाण युगीन पत्र।

संजीव ठाकुर

## सदियों में होते हैं मधु लिमये जैसे जन नेता पैदा

स्मृति शेष हो चुके मधु लिमये उन नेताओं में हैं जिनसे मतभेद होने पर भी आप उनका सम्मान करना नहीं छोड़ पाते। उनके ज्ञान और सादगी से आप बिन प्रभावित हुए नहीं रह सकते थे। वे उद्भट् विद्वान, चिंतक, देश-विदेश की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, ज्वलंत समस्याओं और उसके निदान पर विपुल साहित्य के रचनाकार थे। उनकी बुद्धिमत्ता, प्रखरता, ध्येयनिष्ठा और समर्पण के कारण 25 वर्ष के मधु लिमये को जयप्रकाश नारायण और डॉक्टर राम मनोहर लोहिया ने एशियन सोशलिस्ट कॉन्फ्रेंस का सचिव बनाकर रंगून भेजा। 1947 में एंटवर्प मे सोशलिस्ट इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में के रूप में मधु लिमये ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। 01 मई 1922 को जन्मे मधु लिमये मूल रूप से पुणे के थे। एक मराठी व्यक्ति का बिहार से चार बार चुनाव जीतना अपने आप में अनोखा है। राज्यसभा में ऐसे कई दूसरे नेता हुए हैं, लेकिन लोकसभा में ऐसे उदाहरण कम ही देखे गए हैं। लिमये का बचपन महाराष्ट्र में बीता। उनकी पूरी पढ़ाई भी वहीं से हुई। वो महाराष्ट्र की राजनीति में भी सक्रिय थे। लिमये समाजवादी विचारधारा से आते थे और गोवा लिबरेशन जैसे अनेक आंदोलनों का भी हिस्सा बने थे। लेकिन जब राष्ट्रीय राजनीति में उन्होंने कदम रखा तो चुनाव लड़ने के लिए बिहार को ही चुना। पहली बार वो 1964 में मुंगेर से उपचुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। 1964 में सोशलिस्ट पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का विलय हुआ और यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी बनी। मधु लिमये पहली बार यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर लोकसभा गए थे। इस जीत के बाद, वह यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष भी बने। मधु लिमये के दिल में बसता था बिहार, जहां से लोकसभा में पहुंचे थे। उन्हें बिहार के समाज और संस्कृति की गहरी समझ थी। मधु लिमये ने एक बार बताया था कि गर्मियों में बिहारियों को लगातार मीठे आम मिल जाएं तो वह तृप्त हो जाते हैं। इसी क्रम में वे जदार्लु आम के स्वाद पर बोले। उन्होंने बताया था कि जदार्लु आम का स्वाद और खुशबू अद्वितीय होती है। स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा, तीन विदेशी साम्राज्यों ब्रिटिश, पुर्तगाली, नेपाली हुकूमत की बर्बरता के खिलाफ लड़कपन से ही जूझने वाले मधु लिमये सच्चे गांधीवादी थे। उन्हें 1940 में विश्व युद्ध के समय 18 वर्ष की उम्र में अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ भाषण देने के कारण एक साल के सश्रम कारावास की सजा मिली। भारत छोड़ो आंदोलन में 1943 में गिरफ्तार होने पर 1945 में जेल से छूटे। 1955 में गोवा मुक्ति आंदोलन में भाग लेने के कारण 12 वर्ष की सजा सुनाई गई।

1958 में सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष बने। उन्होंने नागरिक आजादी के हक में, गैर बराबरी, जुल्म, अन्याय, जातिवाद, सांप्रदायिकता के खिलाफ तथा समाजवादी व्यवस्था की स्थापना में अपनी जिंदगी खपा दी। जन सवालों के लिए संघर्ष करने के कारण 1959 में हिसार (पंजाब) पहुंचे और 1968 में लखीसराय (बिहार) तथा 1970 में मुंगेर, बिहार।

# विचार

## मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट हो समाज और राष्ट्र

**हर** वर्ष अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मई महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस को मई दिवस भी कहकर बुलाया जाता है। हमारे समाज में मजदूरों के ऊपर सभी प्रकार की आर्थिक उन्नति टिकी होती है,आज हम चाहे जितना अधिक विकास की बात करें लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह श्रमिक वर्ग ही है जिसके सहारे हम विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर हैं।आज के मशीन एवं तकनीकी युग में भी मजबूर की महत्ता कम नहीं हुई है हम जिस घर में रहते हैं,विभिन्न उद्योग,कृषि,पुल निर्माण,सड़क निर्माण आदि अनेक ऐसे उदाहरण हैं जिन क्रियाकलापों में मजदूरों के श्रम का योगदान महत्वपूर्ण होता है। एक मजदूर ही कड़ी मेहनत करके हमारे छोटे से घर को आलीशान बंगले या कोठी में तब्दील करने की ताकत रखता है क्योंकि वह अपना श्रम बेचता है बदले में उसे केवल न्यूनतम मजदूरी प्राप्त होती है। एक मजदूर का जीवन सिर्फ अपने दो वक्त की रोटी का जुगाड़ कर पाने में निकल जाता है।

भारत देश में मजदूरों की मजदूरी के बारे में बात की जाए तो यह भी एक बहुत बड़ी समस्या है, आज भी देश में कम मजदूरी पर मजदूरों से काम कराया जाता है। यह भी मजदूरों का एक प्रकार से शोषण है। आज भी मजदूरों से फैक?टरियों या प्राइवेट कंपनियों द्वारा पूरा काम लिया जाता है लेकिन उन्हें मजदूरी के नाम पर बहुत कम मजदूरी पकड़ा दी जाती है, जिससे मजदूरों को अपने परिवार का खर्चा चलाना मुश्किल हो जाता है। पैसों के अभाव से मजदूर के बच्चों को शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है। भारत में अशिक्षा का एक कारण मजदूरों को कम मजदूरी दिया जाना भी है। आज भी देश में मजदूरी में लैंगिक भेदभाव आम बात है। फैक्टरियों में आज भी महिलाओं को पुरुषों के बराबर वेतन नहीं दिया जाता है। बेशक, महिला या पुरुष फैक?टरियों में समान काम कर रहे हों लेकिन बहुत सी जगह आज भी महिलाओं को समान कार्य हेतु समान वेतन नहीं दिया जाता है। फैक?टरियों में महिलाओं से उनकी क्षमता से अधिक कार्य कराया जाता है। आज भारत देश में छोटे-छोटे गरीब बच्चे स्कूल छोड़कर बाल-श्रम हेतु मजबूर हैं। बाल मजदूरी बच्चों के मानसिक, शारीरिक, आत्मिक, बौद्धिक एवं सामाजिक हितों को प्रभावित करती है। जो बच्चे बाल मजदूरी करते हैं, वो मानसिक रूप से अस्वस्थ्य रहते हैं और बाल मजदूरी उनके शारीरिक और बौद्धिक विकास में बाधक होती है। बालश्रम की समस्या बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित करती है। आज भी देश में कुछ पैसों या नाममात्र के गेहूं, चावल या अन्य खाने के सामान के लिए बंधुआ मजदूरी कराई जाती है, जो कि अमानवीय है। आज जरुरत है समाज और सरकार को मिलकर बंधुआ मजदूरी जैसी अमानवीयता को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने की। आज जरुरत है सभी उद्योगों को लैंगिक भेदभाव से बचना चाहिए और महिला श्रमिक से संबंधित कानूनों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। इसके साथ ही सभी राज्य सरकारों को महिला श्रमिक से संबंधित कानूनों को कड़ाई से लागू करने के लिए सभी उद्योगों को निर्देशित करना चाहिए। अगर कोई इन कानूनों का उल्लंघन करे तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

मजदूर दिवस के अवसर पर संपूर्ण राष्ट्र और समाज को राष्ट्र और समाज की प्रगति, समृद्धि तथा खुशहाली में दिए श्रमिकों के योगदान को नमन करना चाहिए।

देश के उत्पादन में वृद्धि और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अंतरराष?ट्रीय स्तर पर जो उच्च मानक हासिल किए हैं वह हमारे श्रमिकों के अथक प्रयासों का ही नतीजा है। इसलिए राष्ट्र की प्रगति में अपने श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानकर सभी देशवासियों को उसकी सराहना करनी चाहिए। इसके साथ ही मजदूर दिवस के अवसर पर देश के विकास और निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाने वाले लाखों मजदूरों के कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का सम्मान करना चाहिए और मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए संपूर्ण राष्ट्र और समाज को सदैव तत्पर रहना चाहिए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।  
दूरभाष नं. - (011) 47502546  
फैक्स - (011) 27677673  
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज  
9999889104, 9250706656  
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## पहलवानों के मामले में सच सामने आना चाहिए

प्रेम शर्मा

**जनवरी** में पहलवानों ने पहली बार कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन किया था। पहलवान दिल्ली के जंतर-मंतर में धरने पर बैठे थे। पहलवानों कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर मनमाने तरीके से संघ चलाने और कई महिला पहलवानों का यौन शोषण करने के आरोप लगाए थे। इसके बाद सरकार द्वारा समिति बनाए जाने से लेकर कई तरह की कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। लेकिन तीन माह से उपर का समय बीत जाने के बावजूद जब कोई ठोस कार्रवाई नही हुई तो एक बार फिर पहलवानों ने प्रदर्शन करने के साथ सुप्रीम कोर्ट का रास्ता पकड़ा। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश के बाद सात महिला पहलवानों की यौन उत्पीड़न की शिकायत के मामले में शुक्रवार को आखिर दिल्ली पुलिस एफआईआर दर्ज करने को तैयार हो गई। लेकिन इस मामले में अब तक पुलिस और खेल प्रशासन का जैसा ढीला-ढाला रवैया रहा है, उससे उपजे सवाल इस पेशकश से समाप्त नहीं हुए हैं।

कुश्ती की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड लाकर देश का नाम ऊंचा करने वाली महिला पहलवानों ने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया, यही अपने आप में इतनी बड़ी बात थी कि देश के पूरे खेल ढांचे को अलर्ट मोड में आ जाना चाहिए था।मामले में अपनी तरफ से पूरी तहकीकात करते हुए यह बात शीशे की तरह साफ कर देनी चाहिए थी कि मामला क्या है, किसकी कितनी और कैसी गलती है और उसके लिए उन्हें किस तरह की सजा दी जा रही है। मगर तीन महीनों में जांच-पड़ताल के नाम पर जो कुछ हुआ, उसका नतीजा तक सार्वजनिक नहीं किया गया। न तो शिकायत करने वाले संतुष्ट हुए और न आरोपों के घेरे में आए लोग बेकसूर साबित हुए। इस ढुलमुल रवैये का परिणाम था कि महिला पहलवानों को एक बार फिर जंतर-मंतर पर बैठना पड़ा। उससे पहले ही वे पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवा चुकीं थीं। कायदे से इतनी गंभीर शिकायत पर तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए थी, जांच-पड़ताल उसके बाद की जा सकती थी, लेकिन पता नहीं पुलिस के मन में क्या संशय था, उसने एफआईआर भी दर्ज नहीं की परिणाम स्वरूप पहलवानों को कोर्ट का सहारा लेना पड़ा।

## भाजपा का गुजरात मॉडल कर्नाटक में कितना सफल

**अशोक भाटिया,**  
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार**

कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगानेवाली भाजपा भी अछूती नहीं है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 25 से अधिक मंत्रियों, विधायकों और सांसदों के रिश्तेदारों को टिकट देकर भाजपा ने संकेत दिया है कि फामूर्ला आगे भी अपनाया जा सकता है। नतीजों के बाद पता चलेगा कि मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के रिश्तेदारों का राजनीतिक भविष्य क्या होगा?

राजनीतिक जानकार कह रहे हैं कि भाजपा ने ह्यगुजरात मॉडलह्ण की तर्ज पर कर्नाटक में भी पूर्व मुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों और विधायकों के टिकट काटे लेकिन भरपाई रिश्तेदारों को टिकट देकर की।कर्नाटक में फैसला भाजपा की परिवारवाद पर राजनीतिक लाइन से विपरीत रहा। पार्टी ने 25 से ज्यादा मंत्रियों, विधायकों और सांसदों के करीबी रिश्तेदारों को टिकट देकर दक्षिण का एकमात्र किला बचाने की चाल चली है। हालांकि, टिकट वितरण के बाद भाजपा में मची भगदड़ ने आलाकमान को भी चिंता में डाल दिया। डैमेज कंट्रोल के लिए पार्टी ने आखिरकार मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के जीतने में सक्षम करीबी रिश्तेदारों को टिकट दिया।भाजपा को टिकट वितरण के बाद पार्टी नेताओं की बगावत से बड़ा झटका लगा । भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार, पूर्व उपमुख्यमंत्री जगदीश सावदी पार्टी से बगावत कर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

कांग्रेस ने इन दोनों लिंगायत नेताओं को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है। राजनीति में अक्सर ऐसा देखा गया है कि चुनाव के समय प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर कई नेता यहां तक कि वर्षों तक पार्टी और सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर रहे नेता भी पार्टी के साथ बगावत करने में जरा भी संकोच नहीं करते। यह केवल कर्नाटक में नहीं हुआ है। कमोबेश हर राज्य में ऐसे हालात सभी दलों में बनते हैं। भाजपा ने गुजरात में जरूर नए चेहरों का क्रांतिकारी फॉमूर्ला अपनाया था। इस राज्य में भाजपा को बगावत का सामना नहीं करना पड़ा और चुनाव परिणामों में ऐतिहासिक जीत हासिल हुई।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा के साथ मिलकर लड़ेंगे लोकसभा चुनाव: रामदास अठावले



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** आज केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले करनाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन करेगी और कुछ सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जिसको लेकर वह हरियाणा के मुख्यमंत्री से बातचीत करेंगे। करनाल पहुंचने पर पहले केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को देखा। बाद में पीडब्यूडी रेस्ट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस की और उसके बाद करनाल में पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि देश और विदेश में प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनने वाले करोड़ों लोग हैं। प्रधानमंत्री ने आज मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को बड़ा आह्वान किया।
केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी पूरे देश में अगले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। अगर उन्हें सिरड़ी से लोकसभा चुनाव में टिकट मिलती है तो वह वहां से जरूर लड़ेंगे और जीतेंगे भी। इसके साथ हरियाणा में वह कुछ सीटों पर भाजपा के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंग, जिसको लेकर वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि 2024 में भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे। इस बार पिछली बार से ज्यादा लोकसभा में भाजपा की सीटें आएंगी। उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की 2039 तक देश में एनडीए की सरकार रहेगी।
पहलवानों के धरने के बारे में जब मंत्री रामदास अठावले से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। खुद बृजभूषण भी इस मामले की गहनता से जांच की मांग कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी सहित पूरी कांग्रेस देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बदनाम करने में लगी हुई है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# समाज को नशे के खिलाफ प्रेरित करें: संजय बठला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
नशा अभिशाप है, ये न केवल आयु को खा जाता है बल्कि जीते जी इंसान की खुशियों को भी निगल जाता है, इसलिए सभी मिलकर नशे के खिलाफ समाज को नशे के खिलाफ प्रेरित करें। इस पावन सोच के साथ सेक्टर नौ स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में रविवार लगातार चल रहे क्रम में ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय व सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से नशा मुक्त भारत मिशन के तहत झंडे, बैनर लेकर जागरूकता यात्रा निकाली गई।
यह जागरूकता यात्रा कुंजपुरा रोड, आईटीआई चौक से होती हुई जैसे ही जागरूकता यात्रा वापस ब्रह्माकुमारी आश्रम पहुंची। बरसात होने लगी, जिसके कारण जागरूकता यात्रा में थोड़ी देर के लिए व्यवधान भी आया, लेकिन हौंसलों के आगे बाधा काम नहीं कर पाई। सभी जागरूक यात्रीगण नशा मुक्त भारत मिशन के प्रति संकल्पित नजर आ रहे थे। मौके पर कलाकारों ने नशे के खिलाफ नाटक पेश कर आमजन को जागरूक किया।
नशा मुक्त भारत मिशन के आज के मुख्य अतिथि सीएम के प्रतिनिधि संजय बठला रहे। मौके पर नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान, कांग्रेस नेता जोगिंद्र चौहान, एसई बिजली बोर्ड कशिक मान, बीके निर्मल बहन, बीके उर्मिल बहन व रामभूल भाई भी मौजूद रहे।




मुख्य अतिथि सीएम के प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि नशामुक्त भारत अभियान समय की प्रबल मांग है और ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय पूरे भारत में नशे के खिलाफ लगे हुए हैं। इस पावन कार्य में सरकार हर तरह से इस मिशन का सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि जब से मैं नशा मुक्ति के अग्रज एसपी चौहान को जानता हूं, उन्होंने सदा ही नशा व अन्य सामाजिक बुराइयों का विरोध किया है। वे पिछले कई बरसों से नशे और हर बुराई के खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने इस अभियान के लिए ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़े सेवाभावी लोगों की तारीफ की।

**8 इस अभियान के लिए ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़े सेवाभावी लोगों की तारीफ की।**

नशा मुक्ति अभियान के अग्रज व नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनें धर्म और सत्यता के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही हैं और उसी कड़ी में नशा मुक्त भारत बनाने में अग्रणीय भूमिका निभा रही हैं। सरकार की तरह उनके प्रतिनिधि भी इसमें पूरा सहयोग कर रहे हैं। इस मिशन का उद्देश्य आमजन को जागरूक करना है और मुझे खुशी है कि इससे आमजन जागरूक हो रहा है।
कांग्रेस नेता जोगिंद्र चौहान ने कहा कि हम नशा मुक्त भारत मिशन के तहत हर तरह का सहयोग देंगे। ये आंदोलन सही मायनों में आमजन को जागरूक करने का आंदोलन है। बीके निर्मल बहन व उर्मिल बहन, रामभूल भाई ने आंगुतकों का आभार जताया और इस आंदोलन से अधिक से अधिक संख्या में जुडे।

## सडक दुर्घटना में एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** नेशनल हाईवे पर एक बाइक को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।
पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पानीपत निवासी 24 वर्षीय गौरव हलवाई का काम करता था। शनिवार को भी वह काम पर था। रात को करीब 12 बजे वह बाइक पर अपने दोस्त सनोज को छोड? के लिए घरौंडा आ रहा था। जब कोहंड व घरौंड़ा के पास बीच पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गौरव व सनोज दोनों सडक पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात को जब यह हादसा हुआ तो हाईवे से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को इलाज के लिए करनाल के अस्पताल में लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने गौरव को मृतक घोषित कर दिया। जबकि सनोज की हालत ज्यादा गंभीर होने चलते उसे पीजीआई रेफर कर दिया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। मृतक गौरव की पत्नी ने बताया कि रात को करीब 11 बजे फोन पर पति से बात हुई थी।

## रक्तदान करने से मिलता है कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा


**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** आज लक्ष्य जनहित सोसाइटी व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर नौजवान संगठन द्वारा सामाजिक राष्ट्रीय संगठन के साथ मिलकर रक्तदान शिविर का आयोजन फूसगढ़ स्थित सरकारी स्कूल के सामने किया गया, जिसमें सिविल अस्पताल की टीम ने रक्त इकठ्ठा किया। प्रोग्राम में मुख्य रूप से वार्ड 3 के पार्षद प्रतिनिधि परमजीत लाठर मौजूद रहे व रक्तदाताओं को बेज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया।
सोसाइटी के फाउंडर चेयरमैन व शतकवीर रक्तदाता दिनेश बक्शी ने बारिश के बाद भी रक्तदाताओं के हौसले को देखकर उन्हें सलाम किया और कहा कि रक्तदान करने से जहां आप अपने आप दूसरे की जान बचाते हैं, वही अपनी भी जान बचाते हैं। रक्तदान करने से कई गंभीर बीमारियों का पता समय रहते पता चल जाता है। इसलिए 18 से 65 साल के सभी साथियों को रक्तदान करना चाहिए। दिनेश बक्शी ने युवाओं को रक्तदान करने व नशे से दूर रहने को कहा। सिविल अस्पताल के ब्लड सेंटर इंचार्ज डॉक्टर संजय वर्मा ने लक्ष्य जनहित सोसाइटी के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्थाओं की वजह से आज करनाल अपनी रक्त की जरूरतों के साथ-साथ आसपास के जिलों में भी रक्त की जरूरत को पूरा कर रहा है। आज कैंप में 65 से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए और 44 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें महिलाओं ने भी बढ़-चढकर हिस्सा लिया, लेकिन महिला शक्ति में रक्त की कमी के कारण निराशा का सामना करना पड़ा, जिससे वह रक्तदान नहीं कर पाई।



अमित सचदेवा एरोहतास लाठर, सतीश पांचाल, संदीप रॉयल ने रक्तदाताओं का धन्यवाद किया और भविष्य में भी संस्थाओं का साथ देने का आग्रह किया। कैंप में आजाद, वीर सिंह, दिनेश बक्शी, गुलाब पोसवाल, सतीश पांचाल, अमित सचदेवा, रोहतास लाठर, वासुदेव गौतम, भूपेश जुनेजा, पंकज बक्शी, योगी गाबा, पंकज पासवान, पीआर नाथ, राजीव चौधरी, वरुण आर्य, ललित सीकरी, अरुण मेहता, अमरपाल, संजय अरोड़ा, राजेश अरोड़ा, विकास कल्याण, अमित व सिविल अस्पताल की टीम मौजूद रही।

## करनाल: बदमाशों ने कैंटर ड्राइवर से की लूट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। बीती देर** रात को ऑल्टो कार व स्प्लेंडर बाइक पर सवार चार पांच बदमाशों ने जिला सचिवालय के नजदीक ही कार छीनने की वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। हालांकि मामला बढ़ता देख आसपास के लोग एकत्रित हो गए, जिन्हें देख बदमाश मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई। पानीपत के उरलाना खुर्द निवासी जगतार सिंह ने बताया है कि वह आईएएसएल की जींद ब्रांच में मैनेजर है। शनिवार को उनकी क्लोजिंग थी और वह सेक्टर-7 में क्लोजिंग का काम निपटाने के बाद शहर के ही एक ढाबे पर खाना खाने के लिए जा रहे थे। रास्ते में ऑल्टो व बाइक सवार बदमाशों ने कार के आगे बाइक लगा दी और कार को रोक लिया और उससे छीनाझपटी शुरू कर दी। शायद वे गाड़ी छीनना चाह रहे थे, लेकिन विवाद होता देख आसपास के लोग मौके पर आए तो बदमाश फरार हो गए। इस घटना से कुछ दूर पहले भी इन्हीं बदमाशों ने कैंटर चालक के साथ भी मारपीट की।



## सूर्य नमस्कार शरीर की व्याधियों के लिए श्रेष्ठ औषधि: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग को जन-जन तक पहुंचाने की मुहिम के साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर योग गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा योग कक्षाएं चलाई जा रही हैं। फव्वारा पार्क योग कक्षा में उन्होंने साधकों को योगाभ्यास और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार शरीर की व्याधियों के लिए श्रेष्ठ औषधि है। सूर्य नमस्कार करने के दौरान ब्रह्मांड से शरीर को ऊर्जा मिलती है, जो शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है।

## एसपी ने कंप्यूटर ऑपरेटर व मालखाना मोहर्र के साथ की मीटिंग



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन द्वारा आज कैथल रोड पर स्थित पुलिस लाइन के सभागार में जिला करनाल के सभी थानों के मुंशी, कंप्यूटर ऑपरेटर व मालखाना मोहर्र के साथ मीटिंग की। मीटिंग में सबसे पहले पुलिस अधीक्षक ने सभी मुंशी, कंप्यूटर ऑपरेटर व मालखाना मोहर्र सभी का एक-एक करके परिचय लिया और थाने में उनके द्वारा किए जा रहे कार्य की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी हासिल की। एसपी ने मीटिंग में मौजूद सभी को निर्देश दिए कि जो भी निर्देश पुलिस अधीक्षक कार्यालय से दिए जाएं, उनका सख्ती से पालन किया जाए। बिना किसी ठोस वजह के किसी कार्य को लंबित न रखा जाए। संज्ञेय अपराध घटित होने पर उसकी प्राथमिकी दर्ज करने में देरी न की जाए व उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए। थाने में आने वाले आमजन व पीडित व्यक्ति के साथ अच्छी तरह से बोलचाल की जाए व उसके साथ सद्व्यवहार किया जाए।
उन्होंने कहा कि थाने में शिकायत मिलने पर सबसे पहले शिकायतकर्ता को उस शिकायत की रसीद दी जाए व उस शिकायत को क्राइम एण्ड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एण्ड सिस्टम पर तुरंत अपलोड किया जाए। समय-समय पर उच्च अधिकारियों की तरफ से जारी की जाने वाली गाइडलाइनों का भी सख्ती से पालन किया जाए और पालना रिपोर्ट से अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने थानों की कार्यप्रणाली को और बेहतर ढंग से बनाने के लिए थाने के मुंशी, कंप्यूटर ऑपरेटर व मालखाना मोहर्र से उनके सुझाव लिए। इस दौरान उन्होंने थाने में कार्य करने के दौरान आने वाली समस्याएं व व्यक्तिगत समस्याएं भी सुनी। इनमें से अधिकतर समस्याओं का उन्होंने मौके पर ही समाधान किया और बाकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित को सख्त निर्देश दिए।

## करनाल: प्रदेश के क्लर्कों ने सीएम आवास की तरफ किया कूच

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा में विभिन्न विभागों के क्लर्कों ने सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले करनाल में सीएम आवास की तरफ कूच कर दिया। भारी संख्या में तैनात पुलिस बल ने कर्मचारियों को सीएम आवास तक पहुंचने से पहले ही रोक लिया। कर्मचारियों ने वहीं पर बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार सिर्फ उन्हें झूठा आश्वासन देती है। सरकार उनकी मांगों को जायज भी ठहराती है, लेकिन मानती भी नहीं। कर्मचारियों के गुस्से को देखते हुए ड्यूटी मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों को समझा-बुझाकर शांत किया गया। इसके बाद कर्मचारियों ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में 4 मई को मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात की मांग रखी गई थी। जिस पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने आश्वासन दिया कि आने वाले 4 मई को कर्मचारियों के एक प्रतिनिधि मंडल की सीएम के साथ मीटिंग फिक्स कर दी गई है, जहां पर प्रतिनिधि मंडल अपनी मांगों के संदर्भ में बात रख सकेगा।
कर्मचारियों में सरकार के प्रति गुस्सा है।
कर्मचारी ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात का 100वां एपिसोड कर रहे हैं, लेकिन मन की बात की अपेक्षा भाजपा अपने घोषणा पत्र को ध्यान से पढ़ती तो ज्यादा अच्छा होता। घोषणा पत्र में कर्मचारियों के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी बहुत कुछ बोला गया था, लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं है।



## कुल्फी बेचने वाले से छीना झपटी करने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** थाना मधुबन की टीम द्वारा जिले के मुबारकाबाद गांव में कुल्फी बेचने वाले व्यक्ति से नगदी छीनने व उसके साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
आरोपी के कब्जे से 8 हजार की नकदी बरामद की गई है।
पुलिस टीम द्वारा आरोपी सन्नी पुत्र कप्तान व राजवीर उर्फ छोटू पुत्र कृष्ण वासियान गांव मुबारकाबाद जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर गांव मुबारकाबाद से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा खुलासा किया गया कि वह नशा करने के आदी हैं। उन्होंने नशा करने व अपने शौक पूरे करने के लिए कुल्फी बेचने वाले व्यक्ति के साथ मारपीट करके उससे नगदी छीनने की वारदात को अंजाम दिया था।
पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी सन्नी के खिलाफ पहले भी स्नैचिंग करने का एक मामला दर्ज है। उस मामले में आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में छीनी गई आठ हजार रुपए की नगदी बरामद की गई है।
इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता अखिलेश पुत्र मोहन महतु वासी वीर राइस मिल घरौंडा ने थाना मधुबन में शिकायत देते हुए बताया कि वह कुल्फी बेचने का काम करता है।

## सौ करोड़ से अधिक लोगों ने संयुक्त रूप से मन की बात सुनी: राणा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
सौ करोड़ से अधिक लोगों ने एक बार इक्ट्ठा होकर संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लाइव सुनकर इतिहास बनाया। 100 करोड़ से अधिक लोग कम से कम एक बार मन की बात से जुड़े हैं। यह सीधे लोगों से बात करता है, जमीनी स्तर के परिवर्तनकताओं और लोगों की उपलब्धियों का जश्न मनाता है और लोगों को सकारात्मक कार्यों के प्रति प्रभावित करता है।
भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि करनाल जिला में भी मन की बात कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं में काफी उत्साह रहा। उन्होंने बताया कि जिले की पांच विधानसभा क्षेत्रों में 375 शक्ति केन्द्रों पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 22 हजार से अधिक लोगों ने इस कार्यक्रम को संयुक्त रूप से देखकर रिकॉर्ड बनाया।
उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर 2014 को शुरू हुआ यह कार्यक्रम महिलाओं, युवाओं और किसानों जैसे कई सामाजिक समूहों को संबोधित करते हुए सरकार के नागरिक-पहुंच कार्यक्रम का एक प्रमुख स्तंभ बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात की 100 वीं कड़ी में कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और सेल्फी विद डॉटर जैसे कई अभियानों के परिणामस्वरूप हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री ने सेल्फी विद डॉटर अभियान के लिए हरियाणा के सुनील जागलान को भी श्रेय दिया और कहा कि किसी के जीवन में बेटी होने का महत्व उनके अभियान के माध्यम से सामने आता है। मन की बात कार्यक्रम में जिला संयोजक सुनील गोयल, सह संयोजक भूपेंद्र बम्बोरिया, करनाल विधानसभा संयोजक डा. अशोक कुमार, नीलोखेड़ी संजय राणा, असंध सज्जन अत्री, इंद्री सुमेर चंद काम्बोज एवं घरोडा संयोजक पवन जैन मौजूद रहे।



करनाल जिले में हुए इन कार्यक्रमों में जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मेयर रेणू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, घरोंडा विधायक हरविंदर कल्याण, इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर सहित प्रदेश पदाधिकारियों, जिला, मंडल एवं शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के कार्यकताओं एवं वरिष्ठ नेताओं ने बढ़-चढकर भाग लिया।

# प्रदेश में कई स्थानों पर सुना गया मन की बात का 100वां एपिसोड

## प्रधानमंत्री ने विभिन्न राष्ट्रीय तथा सामाजिक मुद्दों पर रेडियो के जरिये देश की जनता से रूबरू हुए। मन की बात कार्यक्रम में पर्यावर को लेकर भी किया गया काफी फोकस

**टीम एक्शन इंडिया/हरियाणा**
हरियाणा के नारनौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड रविवार को विभिन्न स्थानों पर सुना गया। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने भी अपने कार्यालय में कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। मन की बात की 100वीं कड़ी को अभूतपूर्व बनाने के लिए लोग कार्यक्रम को सुनने के लिए काफी उत्साहित नजर आए। इस मौके पर हर आम और खास ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को ध्यान पूर्वक सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न राष्ट्रीय तथा सामाजिक मुद्दों पर रेडियो के जरिये देश की जनता से रूबरू हुए। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में पर्यावरण को लेकर भी काफी फोकस किया। उन्होंने जल संचयन, संवर्धन तथा संरक्षण पर देश के नागरिकों को जागरूक होने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने प्राकृतिक संसाधन, नदियां, पहाड़, तालाब व तीर्थ स्थलों के संरक्षण पर भी जोर



दिया। उन्होंने कहा कि इससे हमें टूरिज्म इंडस्ट्री को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने इंक्रेडिबल इंडिया मूवमेंट के बारे में भी चर्चा की। कार्यक्रम में अनिल इंजीनयर, रोहतास चेयरमैन, पवन डीसी, राधावल्लव, मदन गोगिया, विक्की राव, बिल्लू जाखणी, प्रदीप यादव, सुनील यादव, गोलू पटीकरा, जितेंद्र वाल्मीकि, आरके जांगिड़, सुरेश चौधरी, निर्मल व ईश्वर सैनी आदि मौजूद रहे।

**बिजली के झटकों ने कार्यक्रम में डाला खललः** नारनौल में मन की बात कार्यक्रम के लिए सरकार की तरफ से बिजली निगम को निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई के आदेश जारी किए गए। मगर मन की बात कार्यक्रम के दौरान शहर के कई मोहल्लों में बिजली के कटों ने कार्यक्रम में खलल डालने का कार्य किया।

**पानीपत जिले में हजारों लोगो ने सुनी मन की बातः** लाखों लोगों ने मन की बात का शतकीय संस्करण पूरे उत्साह से सुना। 100वें संस्करण को सुनने के लिए पूरे जिले भर में उत्साह सा माहौल रहा 11 बजे। से 11:30 तक सुनी सड़कें व गलियां खुद बयां कर रही थी कि सभी लोग रेडियो तथा टीवी के सामने बैठे हैं। जहां चुनावी जिम्मेदारियां निभाने गए स्थानीय नेताओं ने जहां ड्यूटी लगी वही मन की बात सुनी वहीं पानीपत में नेताओं ने विभिन्न स्थानों पर भारी जन समूह के साथ कार्यक्रम सुना। जिले का सबसे बड़ा कार्यक्रम हुडा सेक्टर 29 पार्ट 1 में पी पी इंटरनेशनल में रहा। जहां जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कई फैक्टरी कर्मचारी तथा मजदूरों के साथ मन की बात का शतकीय एपिसोड सुना। विधायक प्रमोद विज ने आर्य समाज माडल टाउन में, जिला परिषद् चेयर पर्सन ज्योति शर्मा ने मनाना गांव में सुना तथा भाजपा जिला मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा में लतीफ गार्डन में कार्यक्रम सुना।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पहुंचे**
**रोहतकः** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ रविवार को गोहाना रोड स्थित गरिमा गार्डन में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के 100वीं मन की बात कार्यक्रम समापन पर बताया कि अच्छा-बुरा जीवन में चलता रहेगा। हमें अपने जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा ही आगे रखना चाहिए। बुराई का जिक्र नहीं करना चाहिए।

## हरियाणा राजभवन में भी आयोजित हुआ 'मन की बात' कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**प्रधानमंत्री** के मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी की विशेष स्क्रीनिंग आज प्रसार भारती द्वारा चंडीगढ़ स्थित हरियाणा राजभवन में आयोजित की गई। विशेष स्क्रीनिंग का उद्घाटन हरियाणा के माननीय राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने किया। इस कार्यक्रम ने प्रधान मंत्री के मासिक रेडियो प्रसारण की सफलता को चिह्नित किया जो पूरे भारत और विदेशों में 100 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच गया है। हरियाणा के माननीय राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, चंडीगढ़ द्वारा कार्यक्रम स्थल पर मन की बात पर एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। राज्य के विभिन्न हिस्सों से नौ (9) सम्मानित नागरिक, जिनका प्रधानमंत्री द्वारा "मन की बात" के विभिन्न एपिसोड में उल्लेख किया गया है, ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। राष्ट्र निर्माण में उनके उल्लेखनीय योगदान की प्रधान मंत्री ने अपने प्रसारण में सराहना की। आज के प्रसारण में विशेष उल्लेख में हरियाणा के दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों का भी उल्लेख किया गया था, जिन्हें बहुत प्रमुखता से उल्लेख किया गया था और माननीय प्रधान मंत्री द्वारा प्रशंसा उनकी प्रशंसा भी की गयीक
उन्होंने 'मन की बात' एपिसोड में उनके उल्लेख के बाद अपना नाम बनाने और अपने व्यवसाय के विस्तार में मदद करने के लिए पीएम को धन्यवाद दिया। आमंत्रित लोगों में पारंपरिक कला, संस्कृति और शिल्प, पर्यावरण संरक्षण, खेल को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल थे, जिन्होंने कोविड के समय में देश को अथक रूप से समर्थन दिया, जो वंचित नागरिकों का समर्थन कर रहे हैं, जिन्होंने संबोधित करने के लिए अभिनव समाधान प्रदान किए हैं हरियाणा के माननीय राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने भी विशेष आमंत्रितों को बधाई दी और पीएम द्वारा हर घर तिरंगा, एसबीएम, एक भारत श्रेष्ठ भारत, परीक्षा पर चर्चा, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, जल और पर्यावरण संरक्षण , , स्टार्ट अप इंडिया, मेक इन इंडिया, खेलो इंडिया, फिट इंडिया, कोविड वारियर्स, पुलिस सहयोग, योग, संगीत और मनोरंजन उद्योग, किताबें और स्थानीय कारीगरों का प्रचार जैसी पहलों को बढ़ावा देने के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों की सराहना की। प्रधान मंत्री के मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर, 2014 (शुक्रवार) को विजयादशमी के शुभ अवसर पर प्रसारित किया गया था।

## पीएम का मन की बात कार्यक्रम देश के लोगों के लिए प्रेरणादायक : रामबिलास शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश यादव**
**महेंद्रगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर-89 के गांव राठीवास में भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों के साथ सुना। कार्यक्रम के दौरान पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे अलग प्रधानमंत्री हैं और वह मन की बात के जरिए लोगों के दिलों को छू लेते हैं। सार्वजनिक जीवन में प्रधानमंत्री जन-जन के नेता बन गए हैं। प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम में हरियाणा में



लिंगानुपात पर चर्चा सबसे ज्यादा होती थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत हरियाणा परदेसी की प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री अच्छे एवं प्रेरक कामों को सामने लाते हैं और उससे प्रेरित होकर लोग और अच्छे कार्य करने लग जाते हैं। प्रधानमंत्री बेटा-बेटी को एक समान दृष्टि से देखते हैं और वह दोनों को एकसाथ आगे बढ़ता हुआ देखना चाहते हैं। उनमें बेटा-बेटी के प्रति कोई फर्क नहीं है।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करती है।

## मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र प्याऊ-नरेला सड़क मार्ग पर स्थित मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी में दिखाई दे रहे संदिग्ध की पहचान के प्रयास कर रही है। वाजिदपुर सबौली के रहने वाले विकास ने बताया कि वह मेडिकल स्टोर चलाता है। उसका मेडिकल स्टोर प्याऊ मनियारी नरेला रोड पर है। वह रात को 10 बजे स्टोर को ठीक से बंद करके ताले लगाकर अपने घर चला गया।

## उप-मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रविवार को जींद में लगभग 664 करोड़ रुपए से बनने वाले निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जींद जिला स्वास्थ्य सेवाओं में अपेक्षाकृत पिछडा रहा है। यहां मेडिकल कॉलेज बनने से जींद ही नही बल्कि आसपास के जिलों के लोगों को भी स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं का बेहतर तरीके से लाभ मिलेगा। उन्होंने काह कि परियोजना के बन जाने से लोगों को हिसार, रोहतक, चंडीगढ़ व अन्य जगहों पर जाने की जरूरत नही रहेगी। इससे लोगों के धन व समय की भी बचत होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुंकि यह जिले की सबसे बड़ी परियोजना है इसको समयबद्ध तरीके से पूरा करवाएं और इसमें



प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच करते रहें। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों के साथ मेडिकल के सभागार में विशेष बैठक ली और निमार्णाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रगति कार्य की बिंदूवार समीक्षा की। चौटाला ने निर्देश देते हुए कहा कि मेडिकल के निर्माण कार्य में अगर कोई तकनीकी खामी आती है तो उसे दूर करने तथा निर्माण संबंधी अन्य विभागीय औपचारिकताओं को समय रहते पूरा करने के लिए उपायुक्त जींद के साथ अन्य सभी संबंधित अधिकारी समय-समय पर बैठक करें। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा राज्य सड़क व पुल निगम, स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य तथा बिजली विभाग, के अधिकारी निर्माण कार्य पूरा होने तक बराबर आपसी तालमेल रखें।
उपमुख्यमंत्री ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी के अधिकारियों को हांसी ब्रांच से अंडरग्राउंड पाइप लाइन डालकर यथाशीघ्र मेडिकल में पेयजल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।
उन्होंने मेडिकल से स्ट्रॉम वाटर की निकासी का उचित प्रबंध करने के लिए कहा। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग से हैबतपुर तक सड़क विस्तार के भी निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मेडिकल का निर्माण कार्य तय समय में पूरा होना चाहिए ताकि क्षेत्रवासियों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं शीघ्र सुलभ हो सके। इसके लिए निर्माण कार्य में और तेजी लाने की जरूरत है।

## गुरु गोरखनाथ उत्सव की तैयारियों को लेकर योगी समाज संगठन की बैठक

### अखिल भारतीय योगी जोगी समाज संगठन के प्रमुख सतपाल योगी का पगड़ी पहनाकर किया गया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
गांव अटेरना में अखिल भारतीय योगी जोगी समाज संगठन के प्रमुख सतपाल योगी के नेतृत्व में जोगी समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रामकुमार भैरा व मंच का संचालन राजेंद्र अटेरना सेवानिवृत प्रधानाचार्य ने किया। कार्यक्रम में समाज के होनहार छात्रों को सम्मानित किया और पंच गामा के चौधरी महेंद्र अटेरना, रामेहर पलड़ी, कृष्ण दीवान झुंडपुर, रघबीर कोतवाल पंचगामा का भव्य स्वागत किया और समाज के गणमान्य लोगों ने अखिल भारतीय योगी जोगी समाज संगठन के प्रमुख सतपाल योगी को पगड़ी पहनाई। सतपाल योगी ने समाज के लोगों से आगामी 4 मई वीरवार को अनाज मंडी करनाल में गुरु गोरखनाथ उत्सव में भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। पवन कुमार रावल एडवोकेट, राजवीर



जोगी ने कहा कि हमें करनाल में पहुंचकर समाज को मजबूत करना है। गांव अटेरना के सरपंच रविंद्र ने अपना सहयोग दिया और आश्वासन दिलाया कि जोगी समाज के साथ खड़ा हूं। भगवान दीवान खादर ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सूरत सिंह बल्हारा, जोगिंदर पंचायत अफसर, सुनील सरोह एडवोकेट, राम किशन, राम कुमार सफियाबाद, तेजपाल ,पवन कुमार रावल एडवोकेट आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।
जोगी समाज बैठक में पवन अटरेना बने राई जोगी समाज के अध्यक्ष इस मौके पर सर्वसम्मति से राई हल्के की कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें हल्के राई में जोगी समाज के प्रधान पवन अटेरना, संदीप उपप्रधान, नरेश सेवली को प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी में उपप्रधान नियुक्त किया।

## 'गुरु गोरखनाथ प्रकट दिवस महोत्सव में मुख्यमंत्री करेंगे शिरकत'



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
जोगी समाज गन्नौर हल्के की रविवार को गढ़ी -ां-ाारा रोड स्थित जोगी समाज धर्मशाला में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जोगी समाज के गन्नौर अध्यक्ष मुकेश जोगी रामनगर ने की। बैठक में गन्नौर क्षेत्र के समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। धर्मशाला के प्रधान ओमप्रकाश जोगी ने आगामी 4 मई को करनाल की अनाज मंडी में प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित गुरु गोरखनाथ प्रकट दिवस महोत्सव में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम प्रदेश सरकार द्वारा अपने स्तर पर किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पहुंचने को लेकर समाज के लोगों में उत्साह है।
लोगों को न्योता दिया जा रहा है। इस मौके पर जोगी समाज धर्मशाला के उप्रधान हरिओम योगी, खजांची राम ऋषि जोगी ,दुलीचंद जोगी, जगपाल, जगदेव जोगी, बुधराम जोगी, संदीप जोगी, राजू ,प्रदीप जोगी, लहना सिंह, बुधराम, धर्मेंद्र, जगपाल, दिलबाग आदि समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे

## पीएम मोदी मन की बात के जरिये प्रतिभाओं को ला रहे आगेः डॉ. नीना राठी

### सामूहिक प्रयास से बड़े से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है

**टीम एक्शन इंडिया/बहादुरगढ़।**
देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें एपिसोड को यादगार बनाने के लिए झज्जर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी के कार्यालय पर रविवार को विशेष तैयारियां की हुई थी। बड़ी एल.ई.डी. स्क्रीन पर प्रधानमंत्री
नरेंद्र मोदी के जन संवाद को लेकर व प्रतिभावान लोगों को किस तरह से आगे लाया जा सकता है उनके ओजस्वी विचारों को कार्यकताओं के साथ पूरे उमंग व उत्साह के साथ सुना।
झज्जर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद एडवोकेट डा. नीना सतपाल राठी के कार्यालय पर पीएम मोदी के मन की बात को सुनने के लिए सुबह से ही लोग बेहद उत्सुक नजर आ रहे थे। काफी संख्या में युवाओं, महिलाओं व बुजुर्गों ने एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात सुनीं। डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में हर एपिसोड में



देशवासियों के सेवा और सामर्थ्य ने दूसरों को प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का मन की बात का हर एपिसोड अगले एपिसोड के लिए जमीन तैयार करता है। मन की बात हमेशा सद्भावना, सेवा भावना और कर्तव्य भावना से आगे बढ़ा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संदेश दिया है कि सामूहिक प्रयास से बड़े से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। जहां आजादी के अमृतकाल में हम आगे बढ़ रहे हैं वहीं जी-20 की
अध्यक्षता भी कर रहे हैं। यह भी एक वजह है कि एजुकेशन के साथ डाइवर्स ग्लोबल कल्चर्स को समृद्ध करने के लिए हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है। डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम राजनीति से ऊपर उठकर देश के हर तबके को देश के सामने लाने का प्रयास है जिसे कभी किसी ने पूछा तक नहीं जाता। प्रधानमंत्री देश के अंतिम व्यक्ति तक ना केवल अपनी पहुंचाते हैं बल्कि अंतिम व्यक्ति को रूबरू कराते हैं कि उसका देश के विकास में किस तरह से योगदान है।

## घर के बाहर से इक्को कार चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपतः** कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी स्थित मकान के बाहर से इक्को कार के चोरी होने का मामला सामने आया है। इक्को मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।
प्याऊ मनियारी निवासी रनीकांत ने बताया कि उसके पास इक्को कार है। हर रोज की तरह 28 अप्रैल को अपनी कार को घर के बाहर खड़ा कर दिया। रात करीब 1.30 बजे देखा तो कार घर के बाहर से गायब मिली। अपने स्तर पर कार की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## बजाना कलां के पास से गुजर रही जेएलएन नहर में नहाने गया किशोर डूबा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
बजाना खुर्द के पास से गुजर रही जेएलएन नहर में दोस्तो के साथ नहाने गया 14 वर्षीय किशोर पैर फिसलने की वजह से नहर में डूब गया। किशोर के साथियों ने उसके डूबने की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने डायल 112 पर हादसे के बारे में बताया और तुरंत मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद खुबडू झाल चौकी से पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और किशोर ढूंढने के प्रयास में जुट गई। जनाकारी देते हुए खुबडू झाल चौकी के एएसआई सुखबीर,ने बताया कि बजाना खुर्द गांव का रहने वाला 14 वर्षीय यश अपने दोस्तों के साथ बजाना कला के पास से गुजर



रही जेएलएन नहर में नहाने आया था। जैसे ही यश अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए नहर में उतरा तो उसका अचानक पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गया। यश के दोस्तों ने गांव में पहुंच कर यश के घरवालों को उसके डूब जाने की जानकारी दी। सूचना के बाद चौकी से हवलदार अमित व होमगार्ड के साथ मौके पर पहुंचे यश को ढूंढने के प्रयास शुरू कर दिए हैं, लेकिन अभी तक यश का पता नहीं चल पाया है। यश गांव के निजी स्कूल में नौंवी कक्षा में पढ़ता था। रविवार को अवकाश होने के कारण साथियों के साथ नहर पर चला गया।



**पुलिस ने भोंडसी पुलिस अकादमी से बुलाए गोताखोर**
एसआई सुखबीर ने बताया कि किशोर यश को ढूंढने के लिए पुलिस ने दमकल विभाग के साथ ही पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना देकर भोंडसी पुलिस अकादमी से गोताखोरों को बुलवाया, लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी गोताखोर मौके पर नहीं पहुंच पाए। तब तक ग्रामीणों की मदद से यश को ढूंढने के प्रयास जारी रहे।

**परिजनों ने सांसद व देवेन्द्र कादियान से पानी कम की लगाई गुहार**
नहर के पानी को कम करवाने के लिए ग्रामीणों ने सांसद रमेश कौशिक, व गांव के ही समाजसेवी देवेंद्र कादियान से भी सिफारिश की गई। वहीं पुलिस का कहना कि उसके बाद से पानी कम होना शुरू हो गया है। जिसके बाद नहर का पानी भी कम होना शुरू हो गया, लेकिन देर शाम तक यश का कहीं पता नहीं चल पाया।

# मन की बात से महिलाओं का हुआ सशक्तिकरण

## सामाजिक प्रयासों को महत्व देकर नई सामाजिक संपदा विकसित की है जो एक राजनेता की सामाजिक सोच की मिसाल है

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत!** पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कविता जैन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाली कर्मशील एवं श्रमशील महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है और स्थानीय किंतु महत्वपूर्ण सामाजिक प्रयासों को महत्व देकर नई सामाजिक संपदा विकसित की है जो एक राजनेता की सामाजिक सोच की मिसाल है।

अपने कैंप कार्यालय पर महिलाओं एवं कार्यकताओं के समूह के साथ मन की बात के 100वां एपिसोड सुनते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से छोटे-छोटे उत्पाद में लगे उद्यमी निर्बल सामाजिक समूह को मूल्यवान एवं



बलवान बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है जल संकट जंगल जमीन का दोहन एवं वायु प्रदूषण जैसी भविष्य की चेतावनी के प्रति सजग करके ज्ञान एवं संस्कारों को पूर्ण जीवित करने का काम किया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मन की बात ने पूरे देश के कोने कोने में सामाजिक नायक पैदा कर दिए हैं जो आदर्श बनकर लोगों को अच्छा कर्म करने की प्रेरणा देते रहेंगे! मन की बात कार्यक्रम से आधुनिकता में खो गई पत्र लिखने और रेडियो सुनने की संस्कृति को जीवित करने का

**8 सामाजिक नायक पैदा कर दिए हैं जो आदर्श बनकर लोगों को अच्छा कर्म करने की प्रेरणा देते रहेंगे।**

काम किया है! उन्होंने कहा कि 100 एपिसोड पूरे होने से मोदी को सामाजिक नेता स्थापित कर दिया है।

इस अवसर पर पार्षद सुरेंद्र मदान, सत प्रकाश मेहरा, कुलदीप, जसवीर सिंह, वेद सिंह सैनी, मनीष गुप्ता पहलवान, जगदीश शर्मा टेक सिंह बघेल अमित जैन, शौकीन, प्रवेश अंतिल, रामकिशन सरोहा, पवन गुप्ता, दीपा जिंदल, सुमित्रा, ऋतु, निशा, ज्वाला, सोनिया सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही।

# पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में रिटायर्ड कर्मचारियों को मिले मेडिकल भत्ता



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** एक्स पुलिस ऑफिसर्स /सोशल वेलफेयर एसोसिएशन अम्बाला की मासिक मीटिंग कार्यालय पुलिस लाईन अम्बाला शहर में प्रधान अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में बुलाई गई। जिसमें प्रधान ने अपने सम्बोधन में कहा पेंशनरों के लिए हेल्थ चैकअप कैम्प लगवाया जाएगा व अनुभवी डॉक्टरों को कैम्प में बुलाकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाएगी। सोसायटी के लिए सदस्यों के लिए गैट टू गैदर का भी आयोजन किया जाएगा। मीटिंग में सभी उपस्थित सदस्यों ने सरकार से मांग उठाई कि सभी कर्मचारियों व पेंशनरों की सभी बीमारियों में इलाज के लिए कैशलेस सुविधा लागू की जाए। पेंशन बढोत्तरी पंजाब सरकार की तर्ज पर 65,70,75,80 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर क्रमशः 5-5 प्रतिशत की वृद्धि दी जाए। मैडीकल भत्ता 1000 की बजाए 3000 रुपए किया जाए। पेंशन की कम्प्यूट अवधि 15 वर्ष की बजाए 12 वर्ष की जाए।

मीटिंग में फूल कुमार रिटायर्ड एस.पी., वीरेन्द्र सिंह रिटायर्ड डीएसपी, रणधीर सिंह रिटायर्ड इंस्पैक्टर , बलविन्द्र सिंह, तेजिन्द्र शर्मा, राजपाल सिंह संयुक्त सचिव धर्मपाल सिंह कैशियर, श्री बलबीर सिंह सरंक्षक, पूर्व प्रधान राजेन्द्र कौशिक, अनूप सिंह, लक्ष्मी चंद, कुलदीप चंद, चन्द्रपाल, जगन्नाथ, गोपाल कृष्ण, वेद प्रकाश, महेश दास, इकबाल सिंह, ओम प्रकाश, रामजुआरी, भूपेन्द्र सिंह, बलकार सिंह, देश्राज, धनश्याम, पाला सिंह, देवेन्द्र पाल सिंह, मदन सिंह आदि ने भाग लिया।

# गांव सपेड़ा में कब्जा लेने आई अधिकारियों की टीम खाली हाथ लौटी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला के निकटवर्ती गांव सपेड़ा में किसानों ने कब्जा लेने की टीम का विरोध किया। इस दौरान किसान नेता बलजिन्द्र सिंह, राम सिंह, पूर्व सरपंच भाग सिंह, निर्मल सिंह सहित अनेक किसान मौजूद रहे। उनका कहना था कि किसानों को अभी तक जमीन का मुआवजा नहीं दिया गया जबकि किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। किसान इसे बरदाश नहीं करेंगे। अंबाला में रिंग रोड बनने से पहले विवाद बढ़ता दिखाई दे रहा है। आज सुबह जैसे ही संबधिक विभीग की टीम सपेड़ा गांव में कब्जा लेने गई तो वहां पर अनेक किसाना इक्ठे हो गए। यहां भारतीय किसान यूनियन चढूनी ग्रुप



से जुड़े किसानों ने इस कार्रवाई का विरोध किया। किसानों का विरोध देख टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। किसानों ने अधिकारियों को साफ कहा कि जब तक किसानों को मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक किसी भी हालत में कब्जा नहीं देंगे। भारतीय किसाना युनियन से जुड़े किसानों का कहना है कि उन्हें कब्जे से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन किसानों की बात सुनी जाए। गांव सपेड़ा में जब तक किसानों का एक-एक रुपया का भुगतान नहीं होगा, तब तक कब्जा नहीं लेने देंगे। किसानों को धक्के खिलाए जा रहे हैं। किसान अपनी फसल की तैयारी करेगा या इनकी वजह से धक्के खाता रहेगा।

अधिकारियों ने किसानों को सड़कों पर भटकने के लिए छोड़ दिया है। किसानों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि 3 दिन में सभी की पेमेंट जारी की जाए।

# आकाशवाणी केंद्र अंबाला में 100वें संस्करण को सुनने का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** एफएम रेडियो 100.1 आकाशवाणी दूरदर्शन रिले केंद्र अंबाला सिटी में डिप्टी डायरेक्टर जनरल कलस्टर सुमित गोयल तथा डायरेक्टर इंजीनियर कश्मीर सिंह के नेतृत्व में मोदी जी के मन की बात के 100वें सस्करन को सुनने का आयोजन आकाशवाणी केंद्र अंबाला शहर में गणमान्य लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सीएम विंडो अंबाला छावनी के एमिनेंट पर्सन एवं भाजपा ग्रामीण मंडल अंबाला छावनी महामंत्री अंबाला छावनी रामबाबू यादव उपस्थित रहे जिन्होंने पूरे समय तक मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना तथा आकाशवाणी केंद्र से संबंधित विषयों पर चर्चा की।

# वन विभाग को बर्बाद करने पर तुली सरकार: करौंथा

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

वन विभाग कर्मचारियों ने वन रेंज कार्यालय सोनीपत पर बैठक बुलाई गई, बैठक में वन मण्डल सोनीपत के अधीनस्थ तमाम कर्मचारियों ने भाग लिया सभी कर्मचारियों ने विभागीय समस्याओं को लेकर अपने - अपने विचार रखते हुए दो वर्षीय जिला कमेटी के चुनाव का प्रस्ताव रखा। सभी कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करते हुए जिला कमेटी का चुनाव कराने फैसला लिया गया। वन कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष जोगेंद्र करोंथा, उपमहासचिव आनन्द शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अवैज्ञानिक, अव्यवहारिक व तुगलकी फरमाना जारी कर वन विभाग को बर्बाद करने की नीतियाँ लागू की जा रही है।

करौथा ने बताया कि वन विभाग में दस सालों से वन रक्षकों की भर्ती करने की बजाए, ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी के नाम पर बिटों को फ्रीज किया जा रहा



हैं इससे पूर्व में 202 बिटों को फ्रीज किया गया था तथा पिछले वर्ष 137 बीटों को फ्रिज में डाला गया है कुल 339 बीट फ्रिज कर दी गई हैं। जिससे प्रतीत होता है कि 878 बिटों में कुल 539 वन रक्षक ही तैनात हो पाएंगे। इसमें से हरियाणा वन विकास निगम में प्रतिनियुक्ति पर तैनात वन रक्षकों की संख्या घटा दी जाए तो यह वन विभाग में तैनात 539 वन रक्षकों से भी कम हो जाएगी।

339 से अधिक बिटों को एक - दूसरी बीट में मर्ज करने से बीट का वन क्षेत्र बढ़ जाएगा व वन रक्षकों को पहले से लगभग डेढ़ गुना वन क्षेत्र की सुरक्षा व अन्य वानिकी कार्य संपन्न करने पड़ेंगे। वन कर्मचारी संघ हरियाणा सरकार से मांग करता है कि वन विभाग में सभी खाली पदों पर स्थाई भर्ती करें।

कर्मचारी नेता भगतसिंह, आनंद शर्मा ने मिटिंग वन विभाग कर्मचारियों को बताया कि सरकार की कर्मचारी व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 28 मई को जींद में आयोजित होने वाली रैली में वन विभाग का भी एक - एक कर्मचारी बढ चढकर भाग लेने की अपिल की।

वन कर्मचारी संघ हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष जोगेन्द्र करौंथा की उपस्थिति में वन कर्मचारी संघ जिला *सोनीपत* का सम्मेलन वन रेंज कार्यालय में कराया गया, जिसमें सर्वसम्मति से जिला कमेटी का चयन किया गया ।

प्रधान - भगत सिंह
वरिष्ठ उप प्रधान - राज सिंह
उप प्रधान - सुनील कुमार
सचिव - आनंद शर्मा
कोषाध्यक्ष - नरेन्द्र सिंह
प्रेस सचिव - सन्दीप
सह सचिव - संजीव
सह सचिव - भीम सिंह
संगठन सचिव - रानी
आडिटर - सन्दीप, सभी को सर्व सम्मति से चुना गया है।

नवनियुक्त जिला कमेटी ने कर्मचारियों की समस्याओं को गम्भीरता से लेकर मांग बनाया जाएगा वन कर्मचारी सघं का प्रतिनिधि मण्डल वन रैज कार्यालय सोनीपत से वन मण्डल स्तर की माँगो को लेकर वातार्लाप करेगा कर्मचारियों की माँगो के समाधान ने लिए संघर्षशील रहेंगे।

# जिले में रविवार को मिले कोरोना से संक्रमित 06 पोजिटिव केस: उपायुक्त सिवाच

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना में संक्रमित 06 नए पोजिटिव केस मिले हैं और 21 मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60339 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 278 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 979 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 72 कोरोना एक्टिव केस है।

# मन की बात अब बन गया है जन-जन की बात: कृष्णा

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की नेता कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबसे लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात अब भारत के जन-जन की बात बन गई है। मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम न सिर्फ देश की विकास यात्रा को गति दे रहा है, बल्कि देशवासियों के संकल्प से सिद्धि का माध्यम भी बन गया है। कृष्णा गहलावत ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा देश की अच्छाई को लोगों को सामने रखने का काम किया है। कृष्णा गहलावत ने सिधार्थ कॉलोनी मे राई के लोगो के साथ पर मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद कार्यकताओं को



संबोधित करते हुए ने ये बातें कहीं। कृष्णा गहलावत ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के जरिए मोदी जी ने देशवासियों को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है और लोगों को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि लगभग 9 वर्षों से जिस प्रकार मन की बात सुनने वाले श्रोताओं की संख्या बढ़ रही है और इसे पसंद किया जा रहा है यह एक विश्व रिकॉर्ड बन गया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए हमेशा एक ही मंत्र दिया है गिव योर बेस्ट। जो कोई बेस्ट दे रहा है, उसकी बात दूसरों को बताना है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुरू में ही कहा है कि जिन्होंने भी अपना बेस्ट दिया है, मैं उन्हीं का जिक्र करता हूं और उन्हीं के कारण ही दुनिया अच्छाई की तरफ जाती है। कृष्णा गहलावत ने सकेंडो कार्यकर्ताओ का प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यकर्म सुनने पर धन्यवाद किया।

# अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में गाँव बोह में रक्तदान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी के गांव बोह में डॉ.अंबेडकर सभा व व गुरु रविदास प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में भारत रतन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 122 वी जयंती के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गांव बोह व बाहर से आए लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मानवता की सेवा में सहयोग किया। शिविर के अंतर्गत नागरिक अस्पताल अंबाला छावनी से आए डॉक्टर मुकेश कंडारा व उनकी टीम रक्तदान शिविर में उपस्थित रहे।



जिसमें लगभग 40 ब्लड की यूनिट प्राप्त की। इस दौरान मौके पर थाना महेश नगर से सब इंस्पेक्टर बलकार सिंह, मुकेश कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों ने शिरकत की और एक कर्मचारी गुरु सेवक सिपाही ने भी रक्तदान किया। इस मौके पर डॉ. आंबेडकर सभा के प्रधान संतराम सोढ़ी, प्रहलाद राम,हरकेश राम, भारत भूषण, प्रधान मंदिर कमेटी सुनील सोढ़ी, राजकुमार और सोहैल सडोरा, दुधला मंडी के प्रधान सोहनलाल व बृजभूषण कौशिक व अन्य सदस्य सभा में मौजूद रहे।

# साथियों को ढाबे पर बुलाकर दो लाख रुपएं छीनकर हुए फरार

**गन्नौर।** एचएसआईआईडीसी बड़ी थाना के अन्तर्गत नेशनल हाईवे के पास स्थित ढाबे पर युवक के साथ लूटपाट के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है। है। शिकायत में जुंआ गांव के रमेश कुमार ने बताया कि रात के समय वह अपने साथी बोहला गांव के बल्लू के साथ जुआ खेलने के लिए जीटी रोड पर नीलकंठ ढाबा पर आया था। उसके पास करीब 2 लाख रुपए थे। दोनों ने ढाबा पर बैठकर शराब पी। आरोप है कि उसके थोड़ी देर बाद बल्लू ने अपने कुछ साथियों को फोन कर ढाबे पर बुलाकर बल्लू ने अपने साथियों के साथ उसके साथ मारपीट कर 2 लाख रुपए छीनकर लिए और उसके बाद सभी आरोपित वहां से फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने पीड़ित के बयान दर्ज करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मामले की जांच कर रहे एएसआई सतीश कुमार ने बताया कि आरोप है कि 2 लाख रुपए लूट में साथी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है।

# सेवा भारती कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

## शिविर में 200 से अधिक लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** इद्रीश फाउंडेशन और गार्डियन अस्पताल की ओर से कच्चा बाजार के चेन मंडी स्थित सेवा भारती कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। बारिश होने के बाद भी 200 से अधिक मरीजों ने आकर विभिन्न बीमारियों से संबंधित जांच करवाई। मौके पर मरीजों की शुगर, बीपी, हड्डियों की क्षमता, ईसीजी, यूरिक एसिड आदि की जांच की। वहीं जिन मरीजों को अन्य बीमारी से संबंधित परेशानी थी उन्हें जरूरी सुझाव दिया गया। गार्डियन



अस्पताल से आई डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की अच्छे से जांच की और सुझाव दिए। संस्था की फाउंडर नेहा प्रवीण ने बताया यह शिविर अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर लगाया गया। इसमें अस्पताल से डॉ. राजीव ने मरीजों की जांच की साथ ही नर्सिंग स्टाफ ममतेश और सुमन, जीडीए स्टॉफ सुमित और प्रीति और वहीं समन्वयक शिव कत्याल ने सहयोग किया। इस दौरान सीनियर मैनेजर मार्केटिंग वेद नागपाल ने शिविर का निरीक्षण किया। संस्था सदस्य अभिषेक पाठक ने बताया कि संस्था की ओर से बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ अन्य प्रकल्प भी चलाए जाते हैं। शिक्षा में इस बार 194 बच्चों को शिक्षा में सहयोग देने का कार्य किया गया है। वहीं मजदूर दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम लोगों को करता है जागरूक: तनु व हिमानी



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला(मनीष कुमार) जिला** अंबाला के विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम के सौ वे एपिसोड को लोगों ने बड़े ध्यान पूर्वक सुना । शहरी क्षेत्रों के साथ-सथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा गया।इस दौरान अनेक लोगों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम उनमें एक नई ऊर्जा पैदा करता है तथा हमें कामयाबी की ओर बढ़ने की राह दिखाता है। इस कार्यक्रम में अनेक ऐसे उदाहरण दिए जाते हैं जिनसे हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है आज आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए लोगो काफी उत्सुक नजर आए ।लोगों ने बड़े ध्यान पूर्वक इस कार्यक्रम को सुना तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा सरकार की सराहना की।

जिला अंबाला के बराड़ में समाजसेवी एस एम एस स्कूल की छात्रा तुन व पी एस सी जैन स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा हिमानी सभरवाल ने भी प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना और उनकी जम कर सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि हम लोगों के लिए यह सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री ने सेल्फी विद डॉटर की शुरूआत हरियाणा से की थी। लिंगानुपात को बढ़ाने के लिए प्रदेश में पानीपत से ही अभियान छेड़ा गया था उसी का परिणाम है कि आज लिंगानुपात में सराहनीय सुधार हुआ है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है उनके नेतृत्व में देश में एक और जहां विभिन्न प्रकार के सुधार हो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर देश दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति कर है।

# 400 स्थानों पर सुना गया पीएम नरेन्द्र मोदी की मन की बात का शतकीय संस्करण

## मन की बात कार्यक्रम को जिला में करीब एक लाख लोगों ने सुनकर बनाया नया रिकार्ड: डा. अर्चना गुप्ता

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

पानीपत जिला के चारो हलकों में रविवार को पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को 400 से भी ज्यादा स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों एव कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा सुना गया। जिला भाजपा द्वारा पहले से ही पानीपत के चारो विधानसभा क्षेत्रों में 100-100 स्थानों पर कम से कम 100-100 लोगों के साथ ही कार्यक्रम को सुनने को लेकर डयूटियां लगाई गई थी। हालांकि भाजपा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता एवं जिला मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा का दावा है कि जिला में करीब एक लाख लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने सेक्टर 29



पार्ट वन स्थित पीपी इंटरनेशनल फैक्टरी में अनेकों उद्योगपतियों और श्रमिकों व मजदूरों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। जबकि कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने माडल टाउन स्थित आर्य समाज मंदिर में स्थानीय लोगों के साथ मन की बात का 100वां संस्करण सुना गया। पानीपत जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने गांव मनाना में ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम को सुना गया। पानीपत ग्रामीण हलके में भी विधायक महीपाल ढांडा टीम ने करीब 100 स्थानों पर कार्यक्रम सुना। पूर्व मेयर भूपेंद्र सिंह ने सेक्टर 25 स्थित शगुन गार्डन में लोगों के साथ कार्यक्रम को सुना गया। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा ने शहरी हलके के लतीफ गार्डन में कार्यक्रम को सुना। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने बहुत भारी संख्या में मन की बात कार्यक्रम को सुनने पर आभार जताया है।

# केवल पार्क में सुनीं गई पीएम मोदी के मन की बात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के केवल पार्क में पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव व पूर्व निगम पार्षद नवीन त्यागी ने विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" का 100वां एपिसोड सुना।
इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी विनोद शर्मा व मण्डल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल भी मौजूद रहे।
मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत 3 अक्टूबर 2015 से विजय दशमी के पर्व से शुरू हुई थी और रविवार 30 अप्रैल को इस कार्यक्रम ने 100वाँ पड़ाव भी पार कर लिया है। इस एपीसोड के देशभर में करीब साढ़े चार लाख स्थानों पर कार्यक्रम हुए। इस एपिसोड को टीवी चैनलों, निजी रेड़ियो स्टेशनों और सामुदायिक रेड़ियो स्टेशन सहित एक हजार से अधिक प्लेटफार्म सहित ब्राड़कास्ट किया गया। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र के न्यूयार्क स्थित मुख्यालय में भी आज का एपिसोड सुना गया। इस अवसर पर सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम जनआंदोलन बन चुका है जिससे प्रेरित हो लोग विभिन्न सेवा कार्यों में जुड़े हैं व दूरदराज के क्षेत्रों में हो रहे जन सेवा के विभिन्न कार्यक्रमो की जानकारी मिली व इससे अन्य लोग भी प्रोत्साहित हुए हैं। मन की बात कार्यक्रम से देश सांस्कृतिक, आर्थिक व सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए लोगों को उत्साहित प्रोत्साहित हो अपना योगदान भी दे रहे हैं, जिससे देश के हालात बदल रहे हैं।



**नवीन त्यागी ने कहा...**

= जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने कहा कि पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम आज जन आंदोलन बन चुका है।

## रक्तदान होता है महादान, इसलिए सभी करें रक्तदान: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान मिल सकता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य में हिस्सा ले और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।
उन्होंने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब चलता है कि जब कोई हमारा रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान जरूर करें।
उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आती है। एक अन्य



सवाल के जवाब में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके।




वजीरपुर वार्ड के एमसीडी स्कूल में आयोजित मेगा पीटीएम के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, टीचर व अन्य गणमान्य लोग।

## 'मुस्लिम समाज मन की बात कार्यक्रम सुन हो रहा है जागरूक'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रवक्ता इमतियाज अहमद ने मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को सुनने के उपरांत अपने व्यक्तय में कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनकर सबसे ज्यादा लाभ अल्पसंख्यक समुदाय को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को देशभर में सुना गया और इस बार भी प्रधानमंत्री ने बहुत ही साधारण तरीके से अपने मन की बात को देशवासियों के समक्ष प्रस्तुत किया और आज प्रधानमंत्री की सादगी देखकर कुछ सीखने को भी मिला है, क्योंकि उन्होंने आज उत्सव की तरह मनाए जा रहे इस एपिसोड में किसी भी प्रकार की विशेषता, उत्तेजना किसी भी प्रकार का अपना गुणगान नहीं किया जो उनकी सादगी का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा की पिछले 99 एपिसोड की तरह इस बार भी बहुत ही साधारण तौर पर उन्हीं विषयों को लेकर प्रधानमंत्री ने देश को संबोधित किया, जैसा वह सदैव करते आ रहे हैं जिसमें विभिन्न वर्गों के लोगों के उद्धार, उनकी सहायता और उनकी आत्मा निर्भरता पर उनसे सीधे तौर पर आज भी संवाद किया, यह सादगी ही बताती है कि प्रधानमंत्री के मन की बात का यह कार्यक्रम सिर्फ और सिर्फ देश की आम जनता के लिए ही है।

## बुध विहार में मन की बात कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन, पहुंचे सांसद हंसराज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 100 एपिसोड पूरे किये। 'मन की बात' के 100 वें एपिसोड के लिए बुध विहार के धर्म वाटिका में कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया गया।
यह कार्यक्रम उतर-पश्चिम दिल्ली के लोकप्रिय सांसद व पदमश्री हंसराज हंस की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।
सांसद के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष विनोद सहरावत, पूर्व स्टैंडिंग कमेटी डिप्टी चेयरमैन विजेंद्र यादव, नरेन्द्र सोलंकी निगम पार्षद, महेश तोमर जिला उपाध्यक्ष,



प्रवीण बंसल भी मन की बात कार्यकम में मौजूद रहें। मन की बात में प्रधानमंत्री ने बताया की कैसे वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा मिला तथा लोगों के रोजगार के संसाधनों में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिला। मन की बात कार्यक्रम में लोगो ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विजेन्द्र यादव ने बताया कि सूरज पहलवान प्रेसिडेंट ग्राम सुधार सीमित, काली माता मंदिर ने अपने 20 साथियों के साथ सांसद पदमश्री हंसराज हंस के नेतृत्व में बीजेपी ज्वाइन की।

# वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात'







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को ए-43 ग्रुप वजीरपुर इंडस्ट्रीयल एरिया में सुना गया। इस कार्यक्रम में वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. महेंद्र नागपाल, योगेश वर्मा निगम पार्षद, भारतीय जनता पाटी जिला केशवपुरम जेजे सैल जिला संयोजक जीवन लाल, जिला सह संयोजक बीरेंद्र गुप्ता, रविन्द्र दीक्षित मनोज भारद्वाज, प्रमोद कश्यप, राजकुमार गुप्ता, जिला मंत्री देव पाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पासवान, मंडल महामंत्री मुनेश कुमार, कमल कुमार, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश तलवार, चंचल जैन, गगन, नरेश ढल, सुनील मल्होत्रा, धीरज तायल, रामू पांडेय, शिव कुमार, राहुल तिवारी, विपुल शुक्ला, डॉ दिलीप झा, डॉ सिद्धार्थ झा, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण देवी, शीला, पुष्पा देवी, मीना, रीना, अंगूरी, गुड्डो, भूरी, सुधीर जैन, प्रकाश भूषण, ओम प्रकाश तिवारी, दुखा देवी, अनीता थापा, बंटी गुप्ता, महेंद्र मोरया, रामाश्रय यादव, नवीन यादव, राजेंद्र, उमेश, विनय, राहुल, सुबेंद्र, गौतम, मुकेश, विपिन, पिंकू, प्रकाश भूषण, संजीव कुमार सिंह, सचिन, रिंकू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हरीकिशन जिंदल ने आनन्द माया हॉस्पिटल में दिया कंसंट्रेटर

### बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में आगे हैं आनन्द माया हॉस्पिटल: हरीकिशन जिंदल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जीटी करनाल रोड़, रामगढ़ गांव स्थित आनंद माया हॉस्पिटल को कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष और वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी हरिकिशन जिंदल ने ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपहार में दिया। जिससे की मरीजों को ऑक्सीजन मिल सके। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद विनोद कुमार, समाजसेवी भारत सिंह राघव, मुकेश कादयान, अशोक पाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। आनंद माया अस्पताल ट्रस्ट के चेयरमैन डॉक्टर प्रमोद कुमार ने हरी किशन जिंदल का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिकिशन जिंदल ने कहा कि सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और इस प्रकार के कार्य करने चाहिए। जिससे की लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सके।



भलस्वा वार्ड के अन्तर्गत आने वाले भलस्वा गांव स्थित नगर निगम प्रतिभा विद्यालय में आयोजित मेगा पीटीएम कार्यक्रम के दौरान अभिभावको व टीचर के साथ भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत सिंह यादव व अन्य गणमान्य लोग।



जहांगीरपुरी वार्ड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' को सुनते हुए सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब व पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष टीटूराम व अन्य।

## दो हजार लोगों ने बनाई वजीराबाद घाट पर मानव श्रृंखला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यमुना** नदी को अविरल और निर्मल बनाने में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चल रही यमुना संसद की मुहिम के तहत रविवार की शाम को वजीराबाद घाट पर मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों के साथ पर्यावरणविदों, वैज्ञानिकों, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर्स के साथ स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर यमुना संसद का लोगो लांच किया गया। साथ ही बच्चों ने यमुना संसद के थीम सॉग पर प्रस्तुति भी दी। मानव श्रृंखला में शामिल लोगों ने यमुना की सफाई की शपथ ली। यमुना संसद के संयोजक रविशंकर तिवारी ने बताया कि चार जून को वजीराबाद से कालिंदी कुंज के बीच एक लाख लोगों की जुटान से पहले यमुना तट पर इसी तरह की सात और भी छोटी-छोटी मानव श्रृंखलाएं बनाई जाएंगी। इससे दिल्ली के लोग यमुना के प्रति ज्यादा जागरूक बनेंगे। साथ ही वह यमुना को साफ करने की अपनी जिम्मेदारी भी समझेंगे। यह सब एक तरह से यमुना संसद का ट्रायल भी साबित होगा। इसकी गूंज चार जून को सुनाई पड़ेगी। आयोजन टीम के सहयोगी रोटी बैंक के संस्थापक राजकुमार भाटिया ने बताया कि यमुना को अविरल व निर्मल रखने की जिम्मेदारी पूरी दिल्ली की है। यह तभी संभव होगा, जब सबको पता होगा कि यमुना की हालत कैसी है। इसी मकसद से 4 जून सुबह 6:30 बजे एक लाख लोगों के यमुना संसद लगाई जाएगी। इसमें वजीराबाद से कालिंदी कुंज तक सभी हाथ से हाथ जोड़े खड़े होकर यमुना की साफ-सुथरा रखने की शपथ लेंगे। यमुना संसद का मानना है कि दिल्ली की जीवनदायिनी को साफ करने में समाज की भी अहम भूमिका है। चार जून की मुहिम इसमें मील का पत्थर साबित होगी।
उन्होंने आगे बताया कि पूरे देश से मुहिम को समर्थन मिल रहा है। सभी का मानना है कि यमुना की अविरलता सुनिश्चित करने में सबको अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।



## गोकुलम केरल ने स्पोर्ट्स ओडिशा को 8-1 से हराया

**अहमदाबाद।** मौजूदा चैम्पियन गोकुलम केरल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां इंडियन वूमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में स्पोर्ट्स ओडिशा को 8-1 से करारी शिकस्त देकर एक और बड़ी जीत दर्ज की। गोकुलम ने लीग के अपने पहले मैच में कोलकाता के ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ 8-2 से जीत दर्ज की थी। पिछले मैच में पांच गोल करने वाली नेपाल की फारवर्ड सबित्रा भंडारी ने अपना अच्छा प्रदर्शन बरकरार रखते हुए इस मैच में चार गोल दागे। इस बीच ईस्ट बंगाल एफसी ने कहानी एफसी को 1-0 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की। ईस्ट बंगाल पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहा है।



## ज्यूरिस गोल्फ कप प्रतियोगिता में मृणाल भारती रही विजेता

**नैनीताल।** उत्तराखंड राजभवन की ओर से आयोजित ज्यूरिस गोल्फ कप प्रतियोगिता में मृणाल भारती विजेता रहीं जबकि राहुल कृष्णन उपविजेता रहे। नैनीताल राजभवन स्थित गोल्फ मैदान में इस एक दिनी एक दिनी प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने किया। प्रतियोगिता में 28 प्रतियोगियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी, न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी, न्यायाधीश रवींद्र मैठाणी, न्यायाधीश राकेश थपलियाल, न्यायाधीश पंकज पुरोहित, न्यायाधीश विवेक भारती शर्मा समेत न्यायाधीश मनमोहन, न्यायाधीश नवीन चावला, न्यायाधीश एन वज़ीर के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## शार्दुल का गेंदबाजी नहीं करना फिटनेस से जुड़ा मुद्दा नहीं : गुरबाज

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स की इंडियन प्रीमियर लीग मैच में यहां गुजरात टाइटंस के हाथों सात विकेट से हार के दौरान तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर को एक भी ओवर नहीं दिया गया जिससे उनकी फिटनेस को लेकर कयास लगाए जाने लगे लेकिन टीम के सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज ने कहा कि फिटनेस कोई मुद्दा नहीं है। गुरबाज से मैच के बाद जब पूछा गया कि क्या शार्दुल से फिटनेस से जुड़ा कोई मुद्दा है, उन्होंने कहा,'' अगर आप पर्याप्त रूप से फिट नहीं होते हैं तो फिर आप नहीं खेलेंगे। हो सकता है टीम को उनसे गेंदबाजी कराने की जरूरत नहीं पड़ी हो। इस बारे में कप्तान बेहतर जानता है।'' मामूली चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले शार्दुल को बल्लेबाजी में तीसरे नंबर पर भेजा गया लेकिन केकेआर का यह दांव नहीं चल पाया और वह खाता भी नहीं खोल पाए। गुरबाज ने कहा,'' कोच और टीम प्रबंधन इस बारे में मुझसे बेहतर जानते हैं। मैं इस बारे में कुछ नहीं कह सकता। हो सकता है कि यह विशेष रणनीति हो।''



## रोहित के मुंबई के कप्तान के रूप में 10 साल पूरे, बाउचर ने कहा-मैंने उन्हें कप्तान के रूप में विकसित होते देखा है

**मुंबई।** जब मुंबई इंडियंस वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो यह मैच कप्तान रोहित शर्मा के लिए दोगुना खास होगा। द हिटमैन रविवार को अपना जन्मदिन मनाएंगे और साथ ही मुंबई इंडियंस के साथ बतौर कप्तान उनके 10 साल भी पूरे होंगे।

टूर्नामेंट के दो पूर्व चैंपियन के बीच मुकाबले से पहले, मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने रोहित की तारीफ करते हुए कहा, मुझे हमेशा रोहित की बल्लेबाजी देखने में मजा आता था, कभी-कभी स्टंप्स के पीछे से भी। मैंने उनके साथ थोड़ी क्रिकेट खेली है और उन्हें एक गुणवत्तापूर्ण क्रिकेटर के साथ-साथ एक अच्छे कप्तान के रूप में विकसित होते देखा है। यह उसके लिए अच्छा रहेगा। उनका जन्मदिन भी है, इसलिए उनके लिए यह एक बड़ा क्षण है।

बाउचर ने कहा कि टीम अपने कप्तान की फॉर्म से खुश है। एक शक्तिशाली और गहरी बल्लेबाजी लाइन अप के साथ, रोहित की भूमिका पावरप्ले में कड़ी मेहनत करने की रही है, कुछ ऐसा जो उसने अब तक अच्छा किया है। बाउचर ने कहा, मुझे लगता है कि रोहित अच्छी फॉर्म में है। वह नेट्स में गेंद को वास्तव में अच्छी तरह हिट कर रहे हैं। उन्होंने हमारे लिए कुछ अच्छे रन बनाए। वह अच्छा और आक्रामक क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने उस भूमिका को पूरा किया है जिसकी हमें इस सीज़न में अब तक पूर्ति करने की आवश्यकता थी। अगर रोहित पहले की तरह आक्रामक होकर खेलते हैं तो वह किसी भी विपक्षी टीम के लिए विनाशकारी साबित हो सकते हैं।

बाउचर ने कहा कि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर फिट हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करने के लिए आर्चर का भी समर्थन किया, एक ऐसा क्षेत्र जो कभी-कभी पांच बार के चैंपियन के लिए चिंता का विषय रहा है।

उन्होंने कहा, 'हम सभी जानते हैं कि जोफ्रा क्या कर सकते हैं। वह कई सालों से शानदार गेंदबाज रहे हैं। वह हमारे आक्रमण में एक अलग आयाम जोड़ते हैं, जाहिर तौर पर कुछ अच्छी गति के साथ। वह नई गेंद से और डेथ ओवरों में भी गेंदबाजी कर सकते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र (डेथ बॉलिंग) रहा है, जहां हमने थोड़ा संघर्ष किया है, इसलिए, उम्मीद है कि वह इन परिस्थितियों में गेंदबाजी करके हमारे लिए उस भूमिका को पूरा कर सकते हैं।'



## आईपीएल- आंद्रे रसेल ने केकेआर के लिए पूरे किये 100 मैच



**कोलकाता।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रैंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए 100 मैच पूरे कर लिए हैं। 35 वर्षीय ऑलराउंडर ने कोलकाता के ईडन गार्डन में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। वेस्टइंडीज के इस स्टार ने अपना आईपीएल डेब्यू 2012 में दिल्ली कैपिटल्स (पहले दिल्ली डेयरडेविल्स के नाम से जाना जाता था) के लिए किया था और 2013 तक फ्रैंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया था। लेकिन 2014 से रसेल केकेआर के लिए खेल रहे हैं और तब से टीम के मार्की खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं। उन्होंने पक्ष के साथ आईपीएल 2014 का खिताब जीता। केकेआर के लिए रसेल ने अब तक खेले 99 मैचों और 86 पारियों में 30.21 की औसत से 2,085 रन बनाए हैं। उन्होंने 88 * के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ टीम के लिए 10 अर्धशतक बनाए हैं। उन्होंने फ्रैंचाइज़ी के लिए 93 विकेट भी लिए हैं, जिसमें 5/15 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े हैं।

## अनुभवी सात्विक-चिराग का लक्ष्य भारत के लिए एशिया चैंपियनशिप में दूसरा स्वर्ण जीतना

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भारतीय बैडमिंटन में एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली। ये जोड़ी एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली देश की पहली पुरुष युगल जोड़ी बन गई है। सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना छठी वरीय मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ली यांग और चीनी ताइपे के वांग ची-लिन के साथ था। दूसरे गेम के बीच में वांग के पैर में चोट लग गई और ओलंपिक चैम्पियन जोड़ी गेम के बीच में रिटायर हो गई।

सात्विक-चिराग ने पहला गेम काफी करीबी मुकाबले में 21-18 से जीता था। भारतीय जोड़ी ने अपने तेजतर्रार हमले की बदौलत पहले गेम में जीत हासिल की।

दुबई में 2023 एशियाई चैंपियनशिप में पीवी सिंधु और एचएस प्रणय के क्वार्टर फाइनल में हारने के बाद इस भारतीय जोड़ी का शानदार प्रदर्शन रहा है, जिन्होंने पिछले साल इसकी आदत बना ली थी, इस जोड़ी ने पिछले साल - पहला थॉमस कप खिताब, राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण और 2022 में विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीता था।

सात्विक और चिराग ने पहले ही 52 वर्षों में भारत का पहला पुरुष युगल पदक सुनिश्चित कर लिया था, जब उन्होंने क्वार्टर में मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान ('डैडीज') की दिग्गज जोड़ी को हराया था।

इस परिणाम के साथ, वे 52 वर्षों बाद अब एशियाई चैंपियनशिप में फाइनल खेलने वाले पहले भारतीय हैं, इससे दिनेश खन्ना ने 1965 में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण जीता था। भारतीय जोड़ी का सामना अब फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी टियो ई यी और ओंग यू सिन से होगा। भारतीय जोड़ी का मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 3-3 का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड है, भारतीयों ने इस जोड़ी के खिलाफ मार्च में स्विस ओपन में अपना आखिरी मैच जीता था। उस जीत से पहले पिछले साल थॉमस कप में भारतीय टीम को हार मिली थी; एक समय था जब भारतीय जोड़ी अभी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर अंडरडॉग थी। हालांकि भारतीय खेमे में फिटनेस को लेकर थोड़ी चिंता होगी क्योंकि चिराग को दूसरे गेम की शुरुआत में थोड़े समय के लिए मेडिकल ब्रेक की जरूरत थी। उन्होंने कोर्ट पर अपने टखने पर स्प्रे करवाया था और उसके बाद ठीक लग रहे थे।

ओलंपिक योग्यता चक्र और सुदीरमन कप (विश्व टीम चैंपियनशिप) अगले महीने से शुरू होने के साथ, फाइनल में सात्विक और चिराग की फिटनेस और प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर है। फिर भी, जिस सहजता से उन्होंने अपने पिछले दो मैच खेले हैं और जीते हैं, उसे देखते हुए यह कहना उचित होगा कि वे वर्तमान में बैडमिंटन में अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं।



## गुजरात ने केकेआर को 7 विकेट से हराया, विजय शंकर ने लगाया नाबाद अर्धशतक

**कोलकाता।** हरफनमौला विजय शंकर (नाबाद 51) के अर्धशतक और शुभमन गिल (49), डेविड मिलर (नाबाद 32) की बेहतरीन पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 179 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 17.5 ओवर में 3 विकेट पर 180 रन बनाकर मैच जीत लिया।

180 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की टीम को ऋद्धिमान साहा और शुभमन गिल ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने 4 ओवर में 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में आंद्रे रसल ने साहा को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। साहा ने 10 रन बनाए। 11वें ओवर में 91 के कुल स्कोर पर कप्तान हार्दिक पांड्या 26 रन बनाकर हर्षित राणा का शिकार बने। अगले ही ओवर में सुनील नरेन ने गिल को आउट कर गुजरात को तीसरा झटका दिया। गिल ने 49 रन बनाए। इसके बाद डेविड मिलर और विजय शंकर ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और चौथे विकेट के लिए नाबाद 87 रनों की साझेदारी कर गुजरात को 7 विकेट से जीत दिला दी। शंकर 24 गेंदों में 2 चौके और 5 छक्के की बदौलत 51 और मिलर 18 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्के की बदौलत 32 रन बनाकर नाबाद रहे।

इससे पहले इस मैच में गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर केकेआर को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। केकेआर को रहमानुल्लाह गुरबाज और एन जगदीशन ने अच्छी शुरूआत दिलाई। तीसरे ओवर में 23 के कुल स्कोर पर मोहम्मद शमी ने जगदीशन को एलबीडब्ल्यू कर गुजरात को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद शमी ने शार्दुल ठाकुर (00) को आउट कर केकेआर को दूसरा झटका दिया। इसके बाद वेंकटेश अय्यर और कप्तान नीतिश राणा भी कुछ खास नहीं कर सके और क्रमशः 11 और 4 रन बनाकर चलते बने। हालांकि गिरते विकेटों के बीच एक तरफ से रहमानुल्लाह गुरबाज ने आतिशी बल्लेबाजी जारी रखी और 81 रनों की शानदार पारी खेली इस दौरान उन्होंने 39 गेंदों का सामना किया और 5 चौके और 7 छक्के लगाए। उनके आउट होने के बाद आंद्रे रसेल (19 गेंदों पर 34 रन) और रिंकू सिंह (19) ने उपयोगी पारी खेल केकेआर का स्कोर 20 ओवर में 7 विकेट पर 179 रनों तक पहुंचा दिया।

गुजरात की तरफ से मोहम्मद शमी ने 3, नूर अहमद और जोशुआ लिटिल ने 2-2 विकेट लिये।

## जीत के बाद बड़ा मार्करम का हौसला, बोले - अब हम घर लौटेंगे और यह काम करेंगे

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के 40वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को 9 रनों से मात दी। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 198 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 188 रन ही बना पाई। हैदराबाद की यह 8 मैचों में तीसरी जीत थी और इस जीत के बाद कप्तान ऐडन मार्करम ने कहा कि टीम अब होम ग्राउंड में लौटेगी और आगे भी इसी लय में आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। मार्करम ने कहा, 'हमारी टीम ने शानदार खेला, खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखना अच्छा है। अगर दृष्टिकोण सही है तो मुझे चीजों के गलत होने पर कोई आपत्ति नहीं है। इस तरह के प्रदर्शन से खिलाड़ी देखेंगे कि परिणाम आने वाले हैं। हेनरिक क्लासेन शानदार फॉर्म में हैं और अभिषेक शर्मा ने शुरुआत में ही कड़ी मेहनत की। क्लासेन ने खुद को इस तरह से खेलने के लिए तैयार किया, यह देखकर अच्छा लगा कि इसका फायदा हुआ।

## बड़ा लक्ष्य मिला होता तो फखर जमान ठोक देते दोहरा शतक

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में पाकिस्तान ने 7 विकेट से विशाल जीत दर्ज की। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 337 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने यह लक्ष्य फखर जमान की नाबाद 180 रनों की पारी के बदौलत 48.2 ओवर में हासिल कर लिया।

फखर जमान ने 144 गेंदों में 17 चौके और 6 छक्कों की मदद से नाबाद 180 रनों की पारी खेली। हालांकि इस मैच में वह अपने दोहरे शतक तक भी पहुंच सकते थे अगर न्यूजीलैंड ने बड़ा लक्ष्य दिया होता। लक्ष्य का पीछा करते हुए फखर जमान के अलावा बाबर आजम ने 65 रन बनाए, जबकि मोहम्मद रिजवान ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान की जीत में इमाम उल हक ने 24, जबकि अब्दुल्लाह शफीक ने 7 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की ओर से हेनरी शिपले, मैट हेनरी और इश सोढी तीनों गेंदबाजों ने 1-1 विकेट चटकाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 336 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिचेल ने 119 गेंदों में 8 चौके और 3 छक्कों की मदद से 129 रन बनाए, जबकि कप्तान टॉम लेथम 85 गेंदों में 98 बनाकर आउट हुए।

चैड बोवेस ने भी 51 रनों की शानदार पारी खेली। इन तीन बल्लेबाजों के अलावा और कोई भी न्यूजीलैंड का बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया। विल यंग 19 और मार्क चैपमैन 1 रन बनाकर चलते बने। हेनरी निकोल्स 6 नाबाद और जिमी नीशम 17 रनों के साथ नाबाद रहे। पाकिस्तानी की ओर से हारिश रऊफ ने सर्वश्रेष्ठ 4 विकेट चटकाए, जबकि नसीम शाह ने 1 विकेट हासिल की।



## दिल्ली की छठी हार, हैदराबाद के हाथों अपने ही घर में गंवाया मैच

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के 40वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को 9 रनों से मात दी। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 198 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 188 रन ही बना पाई। यह दिल्ली की 8 मैचों में छठी हार थी, जबकि हैदराबाद ने 8 मैचों में अपनी तीसरी जीत दर्ज की।


दिल्ली की ओर से लक्ष्य का पीछा करते हुए फिलप साल्ट ने 35 गेंदों में 59 रनों की पारी खेली और मिचेल मार्श ने भी 39 गेंदों में 63 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा हैदराबाद का और कोई बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया। कप्तान डेविड वार्नर बिना खाता खोले ही प्वेलियन लौट गए, जबकि मनिष पांडे मात्र 1 रन बनाकर चलते बने। डेब्यू मैच खेल रहे प्रीयम गर्ग 12 रन बनाकर चलते बने, जबकि अनुभवी सरफराज खान 9 रन बनाकर आउट हुए। अंत में अक्षर पटेल ने नाबाद 29 और रिपल पटेल ने नाबाद 11 रन बनाए।

इससे पहले हैदराबाद ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 197 रन बनाए थे। ओपनिंग करने आए अभिषेक शर्मा ने 36 गेंदों में 12 चौके और 1 छक्के की मदद से 67 रनों की पारी खेली, जबकि छठे नंबर पर हेनरिक क्लासेन 27 गेंदों में 53 रनों के साथ नाबाद रहे। मयंक अग्रवाल मात्र 5 रन बनाकर चलते बने। हैदराबाद का मिडल ऑर्डर पूरी तरह से फ्लॉप रहा। राहुल त्रिपाठी 10, कप्तान एडन मार्करम 8 रन बनाकर सस्ते में ही चलते बने। इसके बाद हैरी ब्रूक बिना खाता खोले ही प्वेलियन लौट गए। अंत में अब्दुल समद ने 28 रन बनाए, जबकि अकील होसेन 16 रनों के साथ नाबाद रहे।



## हार के साथ धुंधला पड़ा दिल्ली के प्लेऑफ का राह, वॉर्नर ने बताया टीम क्यों रही असफल

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के 40वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को 9 रनों से मात दी। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 198 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 188 रन ही बना पाई। दिल्ली की यह 8 मैचों में छठी हार थी और इस हार के बाद अब दिल्ली के लिए प्लेऑफ का राह काफी मुश्किल हो गया है। इस मैच में हैदराबाद के हाथों शिकस्त खाने के बाद दिल्ली के कप्तान डेविड वार्नर ने कहा की मैच को जीतने के लिए एक अच्छी शुरूआत चाहिए थी। इसके साथ उन्होंने कहा कि टीम मध्यक्रम में काफी विकेट भी गंवा रही है जिस कारण जीत हासिल करना मुश्किल हो रहा है। डेविड वॉर्नर ने कहा, 'गेंदबाजी के साथ हम थोड़े परेशान थे, लेकिन मुझे लगता है कि मिचेल मार्श ने शानदार गेंदबाजी की। वह हमारे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। 9 रन से हार जाना निराशाजनक है। मुझे नहीं लगता कि पिच बहुत धीमी हुई, उन्होंने रफ्तार से रन बनाए। जब आप बीच में विकेट गंवाते हैं तो यह काफी मुश्किल हो सकता है। अक्षर पटेल अच्छी फॉर्म में हैं। हमे अच्छी शुरुआत की जरूरत थी और हम जानते हैं कि हमें स्पिन गेंदबाजों के आगे सतर्क रहना है। हम मध्यक्रम में काफी विकेट गंवा रहे हैं।'




इस मैच में हैदराबाद के हाथों शिकस्त खाने के बाद दिल्ली के कप्तान डेविड वार्नर ने कहा की मैच को जीतने के लिए एक अच्छी शुरुआत चाहिए थी। इसके साथ उन्होंने कहा कि टीम मध्यक्रम में काफी विकेट भी गंवा रही है जिस कारण जीत हासिल करना मुश्किल हो रहा है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 01 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## न्यूज फ्लैश

### जम्मू-कश्मीर में भूकंप से हिली धरती

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आज (रविवार) सुबह एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप के झटके सुबह करीब 5.15 मिनट पर महसूस किए गए। उधर, भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप से फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा, तीन महिलाओं समेत पांच की मौत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के अहरौला थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक बोलेरो बांस लदे टैक्टर टाली में घुस गई । इस हादसे में तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घायल महिला किरण जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। एसपी (सिटी) शैलेंद्र लाल ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक यह हादसा रात को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन नंबर 213 के पास हुआ। बोलेरो लखनऊ से गाजीपुर की तरफ जा रही थी। वह पीछे से बांस लदे ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई। गंभीर रूप से घायल किरण को जिला अस्पताल से वाराणसी रेफर किया गया है। सभी मृतक व घायल देवरिया जिले के महुआडीह के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र लाल का कहना है कि ट्रैक्टर ट्रॉली चालक को हिरासत में लिया गया है। पीड़ित परिवारों को सूचना दे दी गई है।

### तेंदुए का शावक वन विभाग के पिंजरे में कैद

**उदयपुर।** तीन दिन सलूंबर के बेड़वास स्थित अलख नयन मंदिर के पास कॉलोनी में घर से पालतू कुत्ते का शिकार करने के बाद तेंदुए के मूवमेंट को लेकर दहशत का माहौल है। वन विभाग की ओर से पास की पहाड़ी पर लगाए गए पिंजरे में तेंदुए का एक शावक कैद हो गया। कब्रिस्तान के पास लगाए गए पिंजरे में आए नर शावक की उम्र 6 से 8 माह बताई जा रही है। इस क्षेत्र में तेंदुए की एक फैमिली का मूवमेंट है। अब उसकी फैमिली को पकड़ने के लिए भी वन विभाग प्रयास कर रहा है। क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम शावक को लेकर क्षेत्रीय कार्यालय लेकन पहुंची।

बताया जा रहा है कि शावक की मां को ट्रेंकुलाइज करने के लिए शावक का पेंथरा ही काम में लिया जाएगा। रविवार शाम को फिर से शावक को कब्रिस्तान ले जाया जाएगा। ताकि, उसकी मां को भी पकड़ा जा सके। कुछ दिनों से तेंदुए का मूवमेंट होने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। 27 अप्रैल को हेमेन्द्र सिंह के मकान में रात करीब 12:30 बजे तेंदुए ने उनके पालतू कुत्ते का शिकार कर लिया था। घर की दीवार कूदकर तेंदुआ उसे जबड़े में भरकर बाहर ले आया। जिससे उसकी मौत हो गई। ये घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इसके बाद कॉलोनी वासियों में दहशत का माहौल हो गया।

### बागी होकर चुनाव लड़ रहे चार लोगों को भाजपा ने दिखाया बाहर का रास्ता

**बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को पार्टी से बागी होकर नगर निकाय चुनाव में अपने उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे चार कार्यकताओं को छह साल के लिए बाहर का रास्ता दिखाया है। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पार्टी नगर निकाय चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

## सीएम ने युवाओं के खाते में अंतरित किए 16 करोड़

### इन हितग्राहियों के खाते में 25 सौ रुपये अंतरित किए गए, जो प्रतिमाह दिए जायेगें

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बेरोजगारी भत्ता योजना के पात्र पाए गए 66 हजार 256 हितग्राहियों के खाते में 16 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। इन हितग्राहियों के खाते में 25 सौ रुपये अंतरित किए गए, जो प्रतिमाह दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भत्ते की राशि आप सभी की उच्च शिक्षा में, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में तथा प्रशिक्षण के दौरान उपयोगी होगी। आप सभी के रोजगार की उचित व्यवस्था हो, इसके लिए भी हमने कार्य योजना बनाई है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी बहुत स्वाभिमानी है, चूंकि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं अथवा स्वरोजगार के लिए अपने को तैयार कर रहे हैं। इस अवधि में जरूरी खर्चों के लिए आप को इस मासिक भत्ते से सहयोग मिल पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा जैसा कि युवाओं से चर्चा की सभी के मन में भविष्य को लेकर बहुत से सपने हैं। उन सपनों को पूरा करने के लिए उन्हें थोड़ा वक्त चाहिए। वे अपने परिवार का बोझ बांटना चाहते है। अब वे न केवल अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा कर पाएंगे। साथ ही उचित रोजगार के लिए अपने को तैयार भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन बेहद सरल है, इसके लिए केवल ऑनलाईन आवेदन करना होता है। डीबीटी से राशि चली जाती है। एक महीने में हमने 16 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित कर दी है। पहले इसके पात्रता नियम काफी कठिन थे, अब यह सरल हैं। ढाई लाख रुपये तक के आय वाले इसके पात्र हैं। मैं आज इस राशि का वितरण कर रहा हूं लेकिन सच्ची खुशी तब होगी जब आपको रोजगार मिलेगा। इसके लिए भी 6 महीने की कार्य योजना बनाई है। आपके प्रशिक्षण के लिए भी पूरी व्यवस्था है। भर्तियों की हमारी तैयारी पूरी है। मुख्यमंत्री ने इस कार्य के लिए कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 मार्च को बजट पारित हुआ और 1 अप्रैल से ऑनलाईन आवेदन लेना शुरू कर दिया। 67 हजार लोगों को आज राशि अंतरित कर दी है। एक महीने के भीतर इतना बड़ा काम करना बहुत कठिन था। रिकॉर्ड समय में काम कैसे हो सकता है। यह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। मैं इससे जुड़े मंत्री उमेश पटेल, प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला और उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूँ। यह बड़ा टास्क था जो पूरा हुआ। मैंने उन्हें समय-सीमा दी थी और उन्होंने इसे पूरे मनोयोग से कर दिखाया। इस मौके पर कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री उमेश पटेल, स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, प्रमुख सचिव कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग डॉ. आलोक शुक्ला, मुख्यमंत्री के सचिव अंकित आनंद, विभाग के संचालक अवनीश शरण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## भाजपा सोमवार को जारी कर सकती है घोषणा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को बेंगलुरु में पार्टी का घोषणा पत्र जारी करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा की मौजूदगी में घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। पार्टी इसे विजन डाक्युमेंट बता रही है और इसका नाम प्रजा ध्वनि होगा अर्थात जनता की आवाज।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि यह घोषणा पत्र सोमवार सुबह बेंगलुरु में जारी किया जाएगा। कांग्रेस पहले ही कर्नाटक की जनता से कई वादे कर चुकी है। इसमें मुफ्त बिजली, महिलाओं को नकदी, 10 किलो मुफ्त चावल जैसी घोषणाएं हैं। इससे भाजपा पर भी लोकलुभावन वादे करने का दवाब बढ़ गया है। इसके अलावा भाजपा मुस्लिमों के आरक्षण को समाप्त कर लिंगायत और वोक्कालिगा को आरक्षण देने संबंधी बात अपने



**पार्टी इसे विजन डाक्युमेंट बता रही है और इसका नाम प्रजा ध्वनि होगा अर्थात जनता की आवाज।**

घोषणा पत्र में शामिल कर सकती है। भाजपा ने घोषणापत्र के लिए राज्य के 224 विधानसभा क्षेत्रों से जनता से सुझाव मंगवाए थे। इसके अलावा पार्टी ने अन्य माध्यमों से भी सुझाव आमंत्रित किए थे।

## निष्कासित नेताओं ने राजेश ठाकुर को हटाने की मांग की



**टीम एक्शन इंडिया/रांची।** कांग्रेस से निष्कासित नेता आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता ने सामूहिक रूप से रविवार को राजकीय अतिथिशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की गणेश परिक्रमा करने वाले नेताओं को बोर्ड निगम में जगह देने की तैयारी है जबकि संगठन को सींचने वाले नेता निष्कासन का दंश झेल रहे हैं। तीनों नेताओं ने पार्टी के आलाकमान से मांग की कि राजेश ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाकर आदिवासी नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाये, जिनकी अगुवाई में 2024 के चुनाव में पार्टी बेहतर कर सके। नेताओं कहा कि कांग्रेस पार्टी में एक व्यक्ति एक पद का ढर्रा पुराना रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एआईसीसी की बैठक में जाने से पहले इस्तीफा दिया था।

इसके बाद ही वो एआईसीसी की बैठक में शामिल हुए थे। प्रदेश अध्यक्ष को भी राज्यमंत्री का दर्जा मिला है। फिर भी वह प्रदेश अध्यक्ष के पद पर काबिज हैं। डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश कमेटी ने एआईसीसी के गठन से पूर्व चार नेताओं को निलंबित कर दिया।हमें विश्वास था कि एआईसीसी में जगह मिलती लेकिन प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने व्यक्तिगत रूप से चिन्हित कर निलंबित किया। लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार में बोर्ड निगम का गठन होना है और पार्टी के कार्यकताओं को जगह दिया जायेगा।

इससे पहले भी 20 सूत्री और 15 सूत्री का गठन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी का भी गठन हुआ और इन तमाम चीजों में विवाद हुए हैं। कांग्रेसी कार्यकताओं ने विरोध किया।प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी और विधायक दल की नेता की ओर से घोर लापरवाही किया गया।

## मेरठ: टिकट नहीं मिलने से त्यागी समाज में आक्रोश

**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**

मेरठ नगर निगम में भाजपा द्वारा 90 वार्डों में से एक भी टिकट त्यागी समाज को नहीं देने पर आक्रोश व्यक्त किया। त्यागी भूमिहार संयुक्त महासभा ने भाजपा का विरोध करने की चेतावनी दी। सम्राट पैलेस स्थित सागर रेस्टोरेंट में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में त्यागी भूमिहार संयुक्त महासभा ने समाज के किसी व्यक्ति को नगर निगम में टिकट नहीं देने पर रोष व्यक्त किया। इससे पहले त्यागी समाज के सभी संगठनों की एक बैठक त्यागी भूमिहार संयुक्त महासभा के तत्वावधान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गंगाशरण त्यागी कौल ने



तथा संचालन आशीष त्यागी ने किया। सुनील त्यागी किसौला ने बैठक में त्यागी को टिकट नहीं मिलने पर रोष व्यक्त किया गया। रतीश प्रकाश त्यागी ने भाजपा का विरोध करने का प्रस्ताव रखा, जिसका अशोक त्यागी सोहजनी सहित अन्य सभी ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। राजेश त्यागी खंदरावली ने कहा कि 2017 में भाजपा में दो त्यागी विधायकों में से किसी को भी मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। 2022 में पुनः भाजपा सरकार बनने पर भी दो त्यागी विधायक होने के बाद भी एक भी त्यागी विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। साथ ही विभिन्न चयन आयोग, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड इलाहाबाद, उच्च शिक्षा आयोग आदि में त्यागी बिरादरी को कोई स्थान नहीं दिया गया है। लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप त्यागी ने कहा कि मेरठ नगर निगम में त्यागी समाज के लगभग सवा लाख वोटर हैं। इसके बाद भी समाज को टिकट से वंचित कर दिया गया। त्यागी अधिकांशतः भाजपा को वोट देता है। भाजपा की इस अनदेखी से त्यागी समाज नाराज है। रतीश प्रकाश त्यागी और अशोक त्यागी सोहजनी ने बताया कि सात मई को त्यागी हॉस्टल में एक बड़ी पंचायत आयोजित कर आगामी योजना तैयार की जायेगी।

## राजनाथ सिंह 01 मई से करेंगे मालदीव का दौरा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 01 से 03 मई के बीच मालदीव की यात्रा करेंगे। इस दौरान वे मालदीव की अपनी समकक्ष मारिया अहमद दीदी और विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विचार-विमर्श के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। रक्षा मंत्री अपनी यात्रा के दौरान मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से भी मुलाकात करेंगे। राजनाथ सिंह रक्षा क्षेत्र में भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप मित्र देशों और भागीदारों की क्षमता बढ़ाने के लिए मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों को एक फास्ट पेट्रोल वेसल जहाज और एक लैंडिंग क्राफ्ट उपहार में देंगे।

## बजरंग दल संगठन की मजबूती को लेकर बैठक

**नवादा।** नवादा के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय फल गली के प्रांगण में रविवार को विश्व हिंदू परिषद की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रांत मंत्री परशुराम ने किया ।बैठक में उपस्थित परिषद और बजरंग दल के विस्तार की चर्चा हुई। बैठक में जिला मंत्री अभिमन्यु कुमार ,जिला सह मंत्री सुबोध लाल ,पूर्व जिला संयोजक जितेंद्र प्रताप जीतू ,जिला संयोजक दिवाकर सिंह ,मातृशक्ति की जिला संयोजिका पूनम कुमारी ने अपने विचार रखे। विश्व हिंदू परिषद के कार्य अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल कि संगठन को गांव-गांव तक विस्तार किया जाएगा ताकि एक- एक नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना जग सके।




## 14 मई को चलेगी पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत ट्रेन

**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**

देश के अन्य हिस्सों में चल रही भारत की अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। पूर्वोत्तर के लोग भी काफी समय से वंदे भारत के परिचालन को लेकर टकटकी लगाए हुए थे।

वह घड़ी अब आ गयी है, जब पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत ट्रेन का परिचालन 14 मई से होने जा रहा है। पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के सूत्रों ने हिन्दुस्थान समाचार से बताया कि 14 मई को गुवाहाटी से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच वंदे भारत ट्रेन का



औपचारिक रूप से परिचालन होगा।

ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। हालांकि, वे गुवाहाटी आएंगे या दिल्ली से इसका वर्चुअली उद्घाटन करेंगे, अभी तक स्थिति पूरी तरह से साफ नहीं हो पायी है। उसी दिन असम समेत पूर्वोत्तर के लिए रेलवे की चार से पांच अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किये जाने की तैयारी की गयी है।

### सघन तलाशी अभियान चलाया गया, लापता 350 फरार कैदियों के खिलाफ मामले दर्ज

## जेलों से कोरोनाकाल में रिहा किये गए 406 बंदी फरार

**टीम एक्शन इंडिया/पुणे**

महाराष्ट्र की जेलों से कोरोनाकाल में आपात अवकाश एवं पैरोल पर रिहा किए गए 406 बंदी अब सरकार के लिए मुसीबत बन गए हैं, क्योंकि कई चेतावनियों के बावजूद इन्होंने सरेंडर नहीं किया है। यह सभी शातिर बदमाश, माफिया, हत्या के आरोपित, आजीवन कारावास एवं सात वर्ष की सजा वाले कैदी हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। लापता 350 फरार कैदियों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा चुके हैं। दरअसल, कोरोना काल के दौरान संक्रमण से बचाने तथा



संक्रमण कम होने के पश्चात वापस जेल लौटने के आदेश के साथ 4 हजार 200 से अधिक कैदियों को आपातकालीन पैरोल पर रिहा किया गया था। इनमें से अब तक 406 कैदी जेलों में वापस नहीं पहुंचे हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए राज्य की पुलिस ने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है। सरकार की भी मंशा है कि विधानसभा चुनाव से पहले यह सभी शातिर अपराधी एवं बदमाश जेलों में पहुंच जाए। जेल प्रशासन स्थानीय थानों में फरार कैदियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 224 के तहत मामला दर्ज करवा रहा है। अब तक ऐसे 350 फरार कैदियों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा चुके हैं। येरवडा सेंटर जेल से कोरोना काल के दौरान रिहा किये 18 शातिर बदमाश एवं माफिया कैदी अभी भी फरार हैं। इसके अलावा येरवडा महिला जेल से दो और येरवडा ओपन जेल से 5 कैदी फरार हैं। इसी प्रकार तलोजा जेल से 50, नासिक रोड जेल से 44, नागपुर जेल से 23, पैठण ओपन जेल से 22, अमरावती जेल से 33, कोल्हापुर जेल से 24 और छत्रपति संभाजी नगर जेल से 22 कैदी भी फरार हैं।